वर्ष - 35 | अंक 69 | www.skhnewstv.com | 27 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति
SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)

भा. ज. पा.

अंदर के पेज
3 अखिलेश यादव पर जावेद अख्तर को बड़ा भरोसा है : राजेन्द्र चौधरी
4 पं. दीनदयाल उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता से ओत-प्रोत : प्रो. हरेश प्रताप सिंह
5 जिलाधिकारी ने मृतक लेखपाल के परिवार को दी 15 लाख की सहायता राशि चेक
6 अयोध्या : जिले में 120 कुम्हार बने हैं अब तक हाईटेक
7 कृतार्थ की हत्या के खुलासे की मांग को लेकर परिजन पहुंचे पुलिस अधीक्षक कार्यालय

## डिजिटल क्रांति के युग में कंप्यूटिंग क्षमता राष्ट्रीय क्षमता का पर्याय बन रही है : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, 26 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत वाले तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। राष्ट्रीय के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।



सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान की सुविधा

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है और यह शोध और विकास को प्राथमिकता देकर देश की प्रगति का प्रतिबिंब है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लआज का भारत संभावनाओं के अनंत क्षितिज में नए अवसर तलाश रहा है ह्व उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये सुपरकंप्यूटर देश के युवा वैज्ञानिकों को अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रांति के युग में, कंप्यूटिंग क्षमता राष्ट्रीय क्षमता का पर्याय बन रही है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था, व्यापार करने में आसानी, आपदा प्रबंधन क्षमता और जीवन जीने में आसानी ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जो सीधे तौर पर प्रौद्योगिकी और कंप्यूटिंग क्षमताओं पर निर्भर नहीं है।

यह क्षेत्र उद्योग 4.0 में भारत की सफलता का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की हिस्सेदारी बिट्स और बाइट्स तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि टेराबाइट्स और पेटाबाइट्स तक विस्तारित होनी चाहिए। इसलिए आज का अवसर इस बात का प्रमाण है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आज का भारत दुनिया के बाकी देशों की क्षमताओं से मेल खाने भर से संतुष्ट नहीं रह सकता, बल्कि वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से मानवता की सेवा करना अपना दायित्व समझता है।

अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर उद्योगों पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा की गई प्रगति पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां भारत साहसिक निर्णय न ले रहा हो या नई नीतियां न ला रहा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत के वैज्ञानिकों ने सीमित संसाधनों के साथ वही उपलब्धि हासिल की, जहां अन्य देशों ने अपनी सफलता पर अरबों डॉलर खर्च किए।

प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सेमीकंडक्टर विकास का एक अनिवार्य तत्व बन गए हैं। उन्होंने इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भारत सेमीकंडक्टर मिशन के शुभारंभ का उल्लेख किया और छोटी अवधि में देखे गए सकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपना सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बना रहा है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान का वास्तविक उद्देश्य केवल नवाचार और विकास ही नहीं है, बल्कि आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करना भी है। डिजिटल अर्थव्यवस्था और यूपीआई का उदाहरण देते हुए, मोदी ने बताया कि भारत उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित कर रहा है कि यह तकनीक गरीबों को सशक्त बनाती रहे।

## रेज पावर इंफ्रा को एनटीपीसी से वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी का टेंडर मिला

नई दिल्ली, 26 सितंबर (हि.स.)। रेज पावर इंफ्रा ने एनटीपीसी लिमिटेड से भारत का सबसे बड़ा वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी टेंडर हासिल किया है। कंपनी ने एनटीपीसी का यह टेंडर आरएंडडी डिवीजन एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलॉजी रिसर्च अलायंस (नेत्रा) के लिए मिला है।

कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि उसको भारत का सबसे बड़ा वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (वीआरएफबी) का टेंडर मिला है, जिसमें 600 किलोवाट अथवा 3000 किलोवाट घंटा की परियोजना हासिल की गई है। कंपनी ने बताया कि यह ऐतिहासिक जीत भारत के अक्षय ऊर्जा भंडारण परिदृश्य में रेज की महत्वपूर्ण प्रगति को दशार्ती है, जो लंबी अवधि के लागत प्रभावी ऊर्जा भंडारण समाधानों के लिए नए मानक स्थापित करती है।

रेज पावर इंफ्रा के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केतन मेहता ने कहा, "यह उपलब्धि हमारी तकनीकी क्षमता और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण को पुष्ट करती है। जैसे-जैसे हम अत्याधुनिक ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं, हम भारत के महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों में सार्थक योगदान देने के लिए रोमांचित हैं।"

वहीं, कंपनी के सीबीओ वैभव रूंगटा ने कहा, "एनटीपीसी से वैनेडियम आधारित फ्लो बैटरी परियोजना




को पाकर हम बहुत खुश हैं। यह देश में अग्रणी स्थिरता सेवा प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की दिशा में रेज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन् होंने कहा कि यह भारत में 5 घंटे की पावर स्टोरेज प्रणाली प्रदान करने के लिए वीआरएफबी तकनीक वाली पहली परियोजना है। हम ऐसे अभिनव और कुशल समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने के साथ विश्वसनीयता और स्थिरता सुनिश्चित करते हैं।"

उल लेखनीय है कि रेज पावर इंफ्रा लिमिटेड एक अग्रणी अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी है, जिसने भारत और दक्षिण पूर्व एशिया में 1.6ऋ से अधिक अक्षय ऊर्जा परिसंपत्तियों का संचालन किया है। रेज पावर वर्तमान में भारत में 1ऋ की अन्य परियोजनाओं पर काम कर रही है। इसके साथ ही कंपनी 2.5ऋ से अधिक अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित कर रही है। वहीं, एनटीपीसी लिमिटेड देश की सबसे बड़ी बिजली उपयोगिता है, जिसकी कोयला, गैस, हाइड्रो, पवन और सौर परियोजना सहित 76 गीगावाट से अधिक स्थापित क्षमता है।

## एसएमई लिस्टिंग को लेकर बढ़ेगी निगरानी, बीएसई ने बैंकर्स को दिया निर्देश

नई दिल्ली, 26 सितंबर (हि.स.)। स्टॉक मार्केट के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने वाली छोटी और मझोली कंपनियों की लिस्टिंग को लेकर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में बैंकर्स को कंपनियों द्वारा दिए जाने वाले आंकड़ों को हर स्तर पर चेक करने के लिए कहा गया है, ताकि कंपनियां अपने आईपीओ ड्राफ्ट में आंकड़ों को बढ़ा चढ़ा कर न दिखा सकें। कंपनियों ने आईपीओ ड्राफ्ट में की जाने वाली किसी भी तरह की गड़बड़ी का पता लगाने के लिए बैंकर्स को कंपनी के ठिकाने पर जाकर सारे डिटेल चेक करने का भी निर्देश दिया है।

मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) एसएमई प्लेटफॉर्म पर होने वाली लिस्टिंग के नियमों को और सख्त बनाने की बात कह चुका है। सेबी ने एक्सचेंजों के साथ ही ऑडिटर्स को भी एसएमई लिस्टिंग को लेकर सतर्क रहने का निर्देश दिया है। मार्केट रेगुलेटर ने स्पष्ट किया है कि आईपीओ ड्राफ्ट में जिस कंपनी की भी जानकारी पर शक हो, उसकी लिस्टिंग को टाल देना चाहिए। सेबी इसके पहले निवेशकों के लिए भी एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने वाली कंपनियां में किए जाने वाले निवेश को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी जारी कर चुका है।

आरोप है कि कई छोटी और मझोली कंपनियां और उनके प्रोमोटर्स आईपीओ ड्राफ्ट में अपने कारोबार को गलत तरीके से बड़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत करते हैं, जिसकी वजह से रिटेल इन्वेस्टर्स को आगे चलकर काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज दोनों जगह पर लिस्ट होने वाली मेनबोर्ड कंपनियां के आईपीओ ड्राफ्ट की जांच खुद सेबी द्वारा की जाती है, जबकि एसएमई सेगमेंट की कंपनियों के आईपीओ ड्राफ्ट की जांच की जिम्मेदारी उसी एक्सचेंज की होती है, जिसके एसएमई प्लेटफॉर्म पर उसे कंपनी के शेयर लिस्ट होते हैं।

माना जा रहा है कि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा बैंकर्स को दिए गए निर्देश के बाद छोटी और मझोली कंपनियां के आईपीओ पर कुछ लगाम लग सकेगा। हाल के दिनों में एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने वाली कंपनियों की संख्या काफी बढ़ गई है। इन कंपनियों के आईपीओ को जोरदार रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। कुछ कंपनियों के आईपीओ तो 500 गुना से अधिक सब्सक्राइब हो चुके हैं। ऐसे में मार्केट रेगुलेटर सेबी को शक है की बाजार की तेजी से प्रभावित होकर रिटेल इन्वेस्टर्स गलत कंपनियों के चंगुल में भी फंस सकते हैं। यही कारण है की सेबी अपनी ओर से तो सख्ती कर ही रहा है, उसने एक्सचेंजों को भी और अधिक सतर्क रहने का निर्देश दिया है, ताकि रिटेल इन्वेस्टर्स के हितों की सुरक्षा की जा सके।

## पंद्रह सदस्यीय ग्लोब संचालन समिति के लिए चुना गया भारत

नई दिल्ली, 26 सितंबर (हि.स.)। चीन की राजधानी बीजिंग में गुरुवार को आयोजित पूर्ण अधिवेशन के दौरान भारत को पंद्रह सदस्यीय ग्लोब संचालन समिति (ग्लोब स्टीयरिंग कमेटी) के लिए चुना गया है। संचालन समिति के सदस्य के रूप में भारत भ्रष्टाचार और संपत्ति वसूली के खिलाफ वैश्विक एजेंडे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को जारी बयान में यह जानकारी दी।

ग्लोब नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मंच है और भारत की भागीदारी सीमा पार वित्तीय अपराधों और भ्रष्टाचार से निपटने के अपने प्रयासों को मजबूत करेगी। भ्रष्टाचार विरोधी कानून प्रवर्तन प्राधिकरणों का वैश्विक परिचालन नेटवर्क (ग्लोब नेटवर्क) जी 20 की पहल थी। भारत ने 2020 में इस पहल का समर्थन किया था।

ग्लोब नेटवर्क को आधिकारिक तौर पर 3 जून 2021 को भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र (यूएनजीएएसए) में विशेष कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया गया था। ग्लोब नेटवर्क में अब 121 सदस्य देश और 219 सदस्य प्राधिकरण हैं। गृह मंत्रालय (एमएचए) ग्लोब नेटवर्क के लिए केंद्रीय प्राधिकरण है और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) व परावर्तन निदेशालय (ईडी) भारत से इस नेटवर्क के सदस्य प्राधिकरण हैं।

ग्लोब नेटवर्क एक अनूठे मंच के रूप में उभर रहा है जहां दुनिया भर की एजेंसियां सर्वोत्तम प्रथाओं, आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करती हैं, रणनीतियों का विकास करती हैं। संगठन को नेतृत्व प्रदान करने के लिए नेटवर्क में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और संचालन समिति में 13 सदस्य हैं। 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान भ्रष्टाचार से निपटने के लिए दो उच्चस्तरीय सिद्धांतों को अपनाया गया था।

## अनुसंधान एवं विकास में योगदान केवल दिखावटी नहीं होना चाहिए : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, 26 सितंबर (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में योगदान केवल दिखावटी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल वित्तीय संसाधनों की प्रतिबद्धता पर्याप्त नहीं है, किसी भी अनुसंधान का महत्व ठोस परिणामों के संदर्भ में मापा जाना चाहिए।

पूसा रोड, नई दिल्ली में 83वें सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि केवल इसलिए कि हमारे पास वित्तीय संसाधन हैं, हम इस बात पर गर्व नहीं कर सकते कि हमने अनुसंधान और विकास पर इतना खर्च किया। अनुसंधान और विकास में निवेश को ठोस परिणामों से जोड़ा जाना चाहिए।

धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि अनुसंधान और विकास सॉफ्ट डिप्लोमेसी और राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है। उन्होंने जोर देकर कहा, "अनुसंधान और विकास में निवेश स्थायी है। अनुसंधान और विकास इन दिनों सुरक्षा से जुड़ गया है।

इसलिए निवेश राष्ट्र के लिए है। निवेश विकास के लिए है। निवेश स्थिरता के लिए है।"

उपराष्ट्रपति ने कॉरपोरेट जगत से अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारतीय कंपनियां महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

हमारे देश के आकार, इसकी क्षमता, इसकी स्थिति और विकास की गति को देखते हुए, हमारे कॉरपोरेट जगत को अनुसंधान एवं विकास में आगे आने की जरूरत है।

सीएसआईआर को वैज्ञानिक दृष्टि से कल्पनाशील राष्ट्र के लिए उत्प्रेरक बताते हुए, धनखड़ ने कहा, "यह आपका स्थापना दिवस है लेकिन यह भारत की मजबूत नींव से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। आप ग्रह पर सबसे जीवंत, कार्यात्मक लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर रहे हैं। आप एक ऐसे राष्ट्र की नींव को मजबूत कर रहे हैं जो पहले कभी नहीं देखा गया था और यह वृद्धि अजेय है।"

भारत के संस्थानों में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी)के वर्तमान दृष्टिकोण के बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने केवल दिखावटी सेवा के बजाय पर्याप्त योगदान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, "मैं विशेष रूप से एक पहलू के बारे में चिंतित हूं और सौभाग्य से मेरे लिए वह पहलू सीएसआईआर द्वारा एक सर्वेक्षण में सामने आया था।"

उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की स्थापना की अपील की कि मानव संसाधनों और संस्थानों में निवेश प्रामाणिक और प्रभावशाली अनुसंधान की ओर निर्देशित हो।

इससे पहले उपराष्ट्रपति ने एनएएससी कॉम्प्लेक्स में 'सीएसआईआर विषयगत प्रदर्शनी 2024' का भी उद्घाटन किया।

## यासिन भटकल को नहीं मिली कस्टडी पैरोल, बीमार मां से वीडियो कांफ्रेंसिंग करने की इजाजत

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (हि.स.)। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के सह-संस्थापक और भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने के आरोपित यासिन भटकल को अपनी बीमार मां को देखने के लिए कस्टडी पैरोल पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने यासिन भटकल को अपनी मां से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हिंदी में एक बार बात करने की इजाजत दे दी है।

भटकल ने अपनी याचिका में अपनी बीमार मां को देखने के लिए कस्टडी पैरोल की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि भटकल की मां का हाल ही में हार्ट की सर्जरी हुई है। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने यासिन भटकल की याचिका का विरोध किया था और याचिका खारिज करने की मांग की थी। कोर्ट ने जेल प्रशासन को यासिन भटकल और उसकी मां से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात करने की इजाजत दे दी है।

पटियाला हाउस कोर्ट ने 3 अप्रैल, 2023 को भटकल समेत 11 आरोपितों के खिलाफ भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने के मामले में आरोप तय किया था। कोर्ट ने कहा था कि यासिन भटकल की चैट से सूरत में बम धमाके की योजना के बारे में खुलासा होता है। चैट से पता चलता है कि ब्लास्ट से पहले वहां से मुस्लिमों को हटाने की योजना भी बनाई गई थी। यासिन भटकल न केवल एक बड़ी साजिश में शामिल था, बल्कि आईईडी को बनाने में भी सहायता की थी। इंडियन मुजाहिद्दीन ने भारत के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए बड़े पैमाने पर नए सदस्यों की भर्ती की, जिसके लिए पाकिस्तान स्थित सहयोगियों के साथ स्लीपर सेल का सहयोग लिया गया। वो भारत में प्रमुख स्थानों विशेषकर दिल्ली में बम विस्फोटों से आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देना चाहते थे।

दरअसल, एनआईए ने 2012 में इंडियन मुजाहिद्दीन के पूर्व सह संस्थापक यासिन भटकल समेत कई लोगों पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने समेत कई मामलों में केस दर्ज किया था। कोर्ट ने भटकल, अंसारी, मोहम्मद आफताब आलम, इमरान खान, सैयद, ओबैद उर रहमान, असदुल्लाह अख्तर, उज्जैर अहमद, मोहम्मद तहसीन अख्तर, हैदर अली और जिया उर रहमान के खिलाफ आरोप तय किए। कोर्ट ने मंजर इमाम, आरिज खान और अब्दुल वाहिद सिद्दीबप्पा को आरोप मुक्त कर दिया था।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने सियाचिन बेस कैंप का किया दौरा, वीर जवानों के जज्बे की प्रशंसा

नई दिल्ली, 26 सितंबर (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने




गुरुवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा के प्रति उनके असाधारण योगदान की सराहना की। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक उन सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है जो 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन मेघदूत शुरू करने के बाद से बलिदान हुए हैं। सियाचिन बेस कैंप में तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उन्हें उनपर गर्व है और सभी नागरिक उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अप्रैल 1984 में ऑपरेशन मेघदूत शुरू होने के बाद से भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों और अधिकारियों ने इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्हें गंभीर मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में भी ये पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ अपने मोर्चे पर तैनात रहते हैं। वे मातृभूमि की रक्षा में त्याग और सहनशीलता का असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने जवानों से कहा कि सभी भारतीय उनके बलिदान और वीरता से परिचित हैं और हम उनका सम्मान करते हैं। इससे पहले लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बी डी मिश्रा ने थोइस एयरफील्ड पहुंचने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत किया। वे बेस कैंप के दौरे के दौरान उनके रहे।

## सम्पादकीय

# पुस्तकालय की छांव में

पुस्तकालयों की छांव में अध्ययन की परिपाटी और भविष्य के पालन-पोषण में संस्थान का महत्त्व बदल रहा है। पुस्तकालय अब अध्ययन की गंध को सहेजे किताब नहीं, बल्कि माहौल की साधना में भविष्य के पठन पाठन की ऐसी प्रकिया है, जिसे युवा स्वयं चुन रहे हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई पुस्तकालयों की रैंकिंग से नवचेतना के आकाश पर इसकी संरचना सशक्त हो सकती है। अब पुस्तकालयों का ग्रेड उन्हें खास महत्त्व व पहचान दिलाएगा। दरअसल कुछ सार्वजनिक पुस्तकालयों के अध्ययन कक्ष पिछले सालों में शिक्षा के गंभीर अध्यायों के सहयोगी बन गए हैं। पढऩे की कला और विषयों का अध्ययन इस दौरान पुस्तकालयों को जीवंत कर गया। लाइब्रेरी अब सीधे युवाओं से संबोधित होने लगी है और जहां भविष्य के प्रति युवाओं की आंतरिक ऊर्जा, संकल्प और अध्यवसाय पारंगत होकर बाहर आने लगा है। कभी पुस्तकालय आंदोलन से साहित्य की पताका निकलती थी और अतिरिक्त पठन-पाठन की श्रृंखला में युग अपने आईनों को पुस्तकों में निहारता था, लेकिन अब भविष्य के सारे महायज्ञ लाइब्रेरी में होने लगे हैं। यह दौर कुछ और आगे बढकर डिजीटल युग के समाधानों में पुस्तकालय की जरूरत को युवा महत्त्वाकांक्षा के साथ बांध रहा है। यही कारण है कि धर्मशाला जैसे शहर में करीब दो दर्जन निजी पुस्तकालयों में सुविधाएं और माहौल मुंहमांगे दाम में बिक रहे हैं। पुस्तकालय अब परिसर और चौबीस घंटे के अवसर में व्यक्तित्व विकास के हर आयाम में साक्षी बन रहे हैं।

धर्मशाला का जिला पुस्तकालय पिछले एक दशक से युवा हाजिरी का ऐसा पैमाना हासिल कर चुका है, जहां सुबह किताबों की आंखें खुलती हैं, तो शिक्षण संस्थानों की औपचारिकता से हटकर युवा अपने भविष्य की घंटियां सुनते हैं। ऐसे अन्य सार्वजनिक पुस्तकालय भी हैं जहां महत्त्व के अलग-अलग पैमाने होंगे। खुशी की बात यह कि शिक्षा निदेशक युवा पगडंडियों से गुजर कर पुस्तकालयों के रास्तों को चौड़ा करना चाहते हैं। भविष्य में जो कार्य औपचारिक शिक्षा नहीं कर सकती, उसका नया ध्रुव व शिखर पुस्तकालय में तराशा जा सकता है, बशर्ते ये अध्ययन संस्थान की परिपाटी में विकसित किए जाएं। बेशक पुस्तकालयों की रैंकिंग से विभाग अपनी दिशा व प्राथमिकता तय कर सकता है, लेकिन आदर्श पुस्तकालयों का निर्माण व प्रबंधन अब नई विधा है। अब किताब झांकती नहीं और न ही पुस्तक से तालमेल बिठाने के लिए जिज्ञासा खींच लाती है। अब ये पुस्तकालय डिजीटल अध्ययन के केंद्र, माहौल और सुविधाओं की श्रेष्ठता के नए अवतार तथा आगे चलकर काउंसलिंग के अध्याय भी साबित होंगे। अतः भविष्य के पुस्तकालय का परिसर किसी कालेज से कम नहीं होगा। कुल्लू का पुस्तकालय इस दिशा में कुछ हद तक अधोसंरचना का एक उदाहरण माना जा सकता है, लेकिन सेंट्रल लाइब्रेरी सोलन या जिला पुस्तकालय धर्मशाला को नए परिसर चाहिएं। कमोबेश हर जिला, कालेज व स्कूल लाइब्रेरी को क्षमता के अध्ययन कक्ष में बदलने के लिए एक व्यापक योजना की जरूरत है।

# विकसित भारत के लिए पर्यटन

गजेन्द्र सिंह शेखावत

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार के लिए सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों पर विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे उसी तरह यहाँ भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।

पिछले एक दशक और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं।

एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए ह्यसरकार के प्रत्येक स्तरह्न पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदेभारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है ।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देशभर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विजीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को ह्यदेखो अपना देशह्न के लिए प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकश का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है।

पर्यटन में प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है।

प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोजमर्रा के आधार पर गंतव्य के रखरखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है। एकता नगर के माध्यम से प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया हैझ्र एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब ह्यसरकार के हर स्तर परह्न चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें। प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विजन से प्रेरित होकर मंत्रालय ने -देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्रव्यापी पोल शुरू किया ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके। (लेखक, केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृष : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

मिथुन : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

कर्क : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

सिंह : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-

कन्या : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

तुला : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

मीन : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

# नागरिक करें देशभक्तों का तर्पण

डॉ. प्रभात ओझा

शीर्षक में दिया सुझाव प्रेरक लग सकता है। देशभक्ति के ज्वर में यह भी क्यों न हो! श्राद्ध और



पितरों के तर्पण के मामले में लोग पहले से अधिक जानकार हो रहे हैं। इस कार्य में व्यापकता आई है। परंपराएं बताती हैं कि जिनके वशंज नहीं हों, ऐसे लोगों का तर्पण उनके जानने वाले कर सकते हैं। जिनके निधन की तिथि पता न हो, उनका तर्पण अमावस्या के दिन करने का विधान है। इस बार अमावस्या 02 अक्टूबर को है। संयोग ही है कि यह महात्मा गांधी और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती है। संभव है कि गांधी-शास्त्री के परिजन अपने पितरों का तर्पण करते हों। हम भी करें, तो हर्ज नहीं। फिर यह सुझाव तो ऐसे सभी सेनानियों और सीमाओं पर बलिदान देने वालों के लिए है।

महाभारत के तेरहवें अध्याय में जरत्कारु ऋषि का संदर्भ आता है। संन्यासी जरत्कारु को पेड़ से लटकती आत्माएं दिखीं। पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके कुल में एक ही व्यक्ति बचा है और वह जरात्कारु है। वह तर्पण करे तो आत्माओं को शांति मिले। इस पर ऋषि पुनः गृहस्थ हुए और उन्होंने पितरों का तर्पण सम्पन्न किया। कहने का आशय यह कि जिनके वंशज किसी कारण श्राद्ध नहीं कर सके अथवा जिन्होंने देश-समाज के लिए अविवाहित रहते अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनका तर्पण कौन करे। परंपराएं ही बताती हैं कि श्राद्ध स्थलों पर उन आत्माओं का भी तर्पण किया जाता है, जो आपसे किसी भी तरह जुड़े रहे हों। ऐसे लोग आपके आसपास के अथवा आपके अनुचर भी हो सकते हैं। यहां तक कि पालतू पशुओं तक के तर्पण का विधान है। यहीं रुककर सोचिए, जिन्होंने देश-समाज के लिए अपना बलिदान किया, उनका तर्पण हम क्यों न करें।

आखिर देश के लिए समर्पित हर व्यक्ति हमारा ही तो है।एक तर्क आड़े आता है कि क्या किसी भी तरह का तर्पण उन लोगों तक पहुंचता है, जिनके लिए यह किया जाता है। यहीं पर ह्यश्राद्धह्न शब्द से संतुष्टि मिलती है। हमारे यहां परंपराओं का विरोध फैशन-सा हो गया है। यहां कुछ तथ्य ध्यान में लाना चाहिए। क्या जो लोग कथित रुढ़ियों से तंग आकर धर्म परिवर्तन करते हैं, नयी जगह जाकर वहां की परंपरा का पालन नहीं करते! किसी भी पश्चिमी देश का उदाहरण लें। क्या किसी के चित्र के सामने फूलों का गुच्छा रखना उसकी आत्मा के प्रति श्रद्धा नहीं है।

इस पुनीत कार्य को पूरी तरह समझना तभी सम्भव हो पाता है, जब हम इसके उद्देश्य पर ध्यान दें। एक मनःस्थिति में यह लग सकता है कि इस तरह के कर्मकांड निराधार हैं। उसी तरह जैसे श्राद्ध के नाम पर फिजूलखर्ची। आमतौर पर उधार लेकर भी शादी-ब्याह की भव्यता के समाचार मिलते रहते हैं।

जिन्होंने अपने माता-पिता को परेशानियों में भी अपनी संतानों के विवाह में खर्च करते देखा है, वे भला क्या करें। ऐसे माता-पिता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का मामला हो तो वे पीछे कैसे रहें। फिर भी यह सवाल काफी हद तक सही भी है कि कर्ज लेकर पितरों के तर्पण से क्या पितृगण प्रसन्न होंगे? जवाब भी परंपराओं में ही है। जरूरी नहीं कि आप तर्पण के लिए विशेष स्थानों पर ही जाएं। पास के जलाशय अथवा वह भी दूर होने पर घरों में बैठ कर भी यह सम्पन्न किया जा सकता है। श्रद्धा से ही श्राद्ध है, फिर श्रद्धा कहीं से भी व्यक्त करें! ऐसी श्रद्धा देशभक्तों के लिए भी हो!

(लेखक हिन्दुस्थान समाचार से जुड़े रहे हैं।)

## आबकारी टीम ने शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण, स्टॉक रजिस्टर का किया मिलन

हाथरस। अवैध शराब निर्माण, बिक्री, परिवहन, भंडारण, अपमिश्रण, ओवर रेटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जनपद में आबकारी टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में स्थित विभिन्न मदिरा की दुकानों का औचक निरीक्षण करते हुए स्टॉक का मिलान किया गया तथा टेस्ट परचेसिंग करते हुए अनुज्ञापियों को शत प्रतिशत ढडरूल्ली से बिक्री सुनिश्चित करने के सख्त दिशा निर्देश दिए गए। कार्यवाही के दौरान क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक मय आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

# बच्चों को सोशल मीडिया से दूर करना क्यों जरूरी

आर.के. सिन्हा

अगर आप अपने आसपास



किसी भी उम्र के इंसान से अनौपचारिक बात कर लें, आपको पता चल जाएगा कि आज के समय सोशल मीडिया की लत पूरे समाज को दीमक की तरह खा रही है। खासतौर पर नादान बच्चे इसकी गिरफ्त में हैं। इसके खतरों को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेलकूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए?

यह जानने के लिए रॉकेट साइंट की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे देश में बच्चों को खेल मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों व दोस्तों तक से दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये, वहां बुजुर्ग सैर करते मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत कम संख्या में खेलते मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे। वह अपने कोचों की देखरेख में प्रैक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों का हाल। जब बच्चे खेलेंगे नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे?

चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और अनेकों प्रकार के व्यसन का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है।

मैं मानता हूं कि समय आ गया है कि माता-पिता और स्कूल के अध्यापक बच्चों से सोशल मीडिया के बारे में नियमित रूप से खुली बातचीत करें। उन्हें इसके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में बताएं। हमें बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में भी लगातार प्यार से पूछताछ करनी चाहिए। उन्हें खेलों के अलावा संगीत, नृत्य या किसी अन्य मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। नोएडा में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी अनादि बरूआ बच्चों को फुटबॉल की कोचिंग देते हैं। इसी तरह से साउथ दिल्ली में मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी और बैडमिंटन रैफरी तुलसी दुरेजा बच्चों को बैडमिंटन के गुर बताते-सिखाते हैं।

अनादि बरूआ और तुलसी दुरेजा जैसे पूर्व खिलाड़ी देश के सभी छोटे-बड़े शहरों में कोचिंग दे रहे हैं। वे बहुत मामूली-सी फीस लेते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वह इस तरह के नामी खिलाड़ियों के पास अपने बच्चों को ले जाएं। जाहिर है कि जब बच्चे खेलेंगे तो उनके पास सोशल मीडिया के लिए वक्त ही नहीं बचेगा।

बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना कठिन काम हो सकता है, लेकिन यह उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। मैं मानता हूं कि अगर परिवार के सदस्य पहले की तरह एक साथ खाने, खेलने और बातचीत में समय व्यतीत करें तो भी सोशल मीडिया से दूरी बनाई जा सकती है। याद करें उस दौर की जब सारा परिवार घर के मुखिया के साथ सुबह-शाम को साथ बैठकर भोजन करता था। अब कितने परिवारों में भोजन सब मिल-बैठकर साथ-साथ करते हैं। अब तो परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए भोजन भी अलग-अलग तरह का पक रहा होता है। यानी घर अब होटल बन गया है। जैसे होटल के अलग-अलग कमरों में ठहरने वाले लोग रूम सर्विस से अपने पसंद का खाना मँगवाते हैं, वही अब घरों में भी होने लगा है! क्या पहले यह होता था? यह तो भारतीय संस्कार नहीं थे।

यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार से ही सीखते हैं। यदि आप खुद सोशल मीडिया का लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो बच्चों के लिए इसका उपयोग सीमित करना मुश्किल होगा। बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को चाहिये कि सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में अपने व्यवहार से एक अच्छा उदाहरण स्थापित करने का प्रयास करें। अब घर के बड़े सदस्य भी फेसबुक या इंस्टा पर अपनी फोटो डाल रहे होते हैं। उसके बाद कई उत्साही लोग तो अपने दोस्तों को फोन भी करते हैं कि उनकी पोस्ट पर लाइक या कमेंट करें। जब अभिभावक ही सोशल मीडिया को दिन-रात वक्त देने लगे हैं तो वह अपने बच्चों को इससे कैसे दूर कर सकेंगे। उन्हें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा। आप अपने घर के सदस्यों पर डाइनिंग रूम या बेडरूम में सोशल मीडिया से जुड़ने पर रोक लगा सकते हैं।

आप अपने बच्चों से बात कर सकते हैं कि सोशल मीडिया को बहुत वक्त देना क्यों सही नहीं है। उन्हें साइबर बुलिंग के बारे में बताएं। अब यह भी जान लें कि साइबर बुलिंग क्या है? दरअसल साइबर बुलिंग डिजिटल तकनीकों के इस्तेमाल से की जाने वाली बदमाशी है। यह सोशल मीडिया, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, गेमिंग प्लेटफॉर्म और मोबाइल फोन पर हो सकती है। इसका उद्देश्य लोगों को डराना या शर्मिंदा करना है।

अब आप इसे कुछ उदाहरणों से भी समझ लें। सोशल मीडिया पर किसी के बारे में झूठ फैलाना या उसकी शर्मनाक तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करना। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपमानजनक या धमकी भरे संदेश, चित्र या वीडियो भेजना। साइबर बुलिंग के शिकार लोगों पर इसका बहुत गहरा असर पड़ता है। इसलिए माता-पिता या घर के किसी बड़े सदस्य को चाहिए कि वह सोशल मीडिया में दिन-रात बर्बाद करने वाले सदस्य को इसके खतरों से आगाह करें।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# किसान देश के भविष्य, मोटे अनाजों के उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने का अधिक करें प्रयास: बलदेव सिंह औलख

कानपुर, 26 सितम्बर (हि.स.)। किसानों की आय बढ़ाने को कृषि विविधीकरण में दलहनी, तिलहनी एवं मोटे अनाजों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया होगी। देसी प्रजातियों के संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन के लिए भी प्रेरित किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को और डिजिटल बनाने पर जोर दिया। पूर्व उप महानिदेशक प्रसार डॉक्टर पी. दास ने लीड स्पीकर के रूप में अपने शोध पत्र की प्रस्तुति दी। डॉ सुशील कुमार




जाय। कृषक देश के भविष्य है। यह बात गुरुवार को आईसीएआर : कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी) जोन-3 कानपुर द्वारा उत्तर प्रदेश के 89 कृषि विज्ञान केंद्रों की सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में तीन दिवसीय 31वीं क्षेत्रीय वार्षिक कार्यशाला के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कही।

उन्होंने कहा कि किसानों को प्रेरित किया जाय कि वह खेती में अधिक से अधिक जैविक खाद का प्रयोग करें। जिससे उर्वरक पर होनी वाली लागत कम होगी साथ ही उनकी आय में वृद्धि कृषक देश के भविष्य हैं। अतः प्रदर्शन हेतु बीज व पौध सामग्री के वितरण के बाद आच्छादित क्षेत्रफल पर सफलता की कहानी तैयार कर कृषि विज्ञान केंद्रों में नवोन्मेशी कृषको एवं कृषक महिलाओं के उत्पादों को प्रदर्शित करने हेतु सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री अन्य अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि विज्ञान केंद्रो एवं कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

नई दिल्ली सहायक महानिदेशक कृषि प्रसार डा.रंजय कुमार सिंह ने कहा कि कार्यशाला में जो तीन दिवसीय मंथन हुआ है निश्चित तौर पर प्रदेश के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने निदेशक भारतीय फसल प्रणाली अनुसंधान संस्थान मेरठ, पूर्व कुलपति कृषि विश्वविद्यालय जम्मू डॉक्टर जीपी शर्मा, ने भी व्याख्यान दिया। आईसीएआर अटारी जोन-3 कानपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ राघवेंद्र सिंह ने विस्तार से तीन दिनों की प्रगति प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। प्रदेश के कई कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्राकृतिक खेती तथा मोटे अनाजों के उत्पाद के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी अतिथियों को धन्यवाद निदेशक प्रसार डॉक्टर पीके सिंह ने दिया। इस अवसर पर पूर्व सहायक महानिदेशक रणधीर सिंह, निदेशक प्रसार डॉ एन के वाजपेयी, डॉ सीमा यादव सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# तंदुरुस्ती और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं को करें विकसित : डॉ.निमिषा अवस्थी

कानपुर, 26 सितम्बर (हि.स.)। पोषण अभियान स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एक कन्वर्जेंट इको-सिस्टम बनाकर पोषण सामग्री सब्जियां मददगार हैं इसलिए सभी को भरपूर सब्जियां खाना चाहिए।

इस मौके पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मिथिलेश वर्मा ने बताया कि इसे किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली



और डिलीवरी में रणनीतिक बदलाव के जरिए कुपोषण की चुनौतियों का समाधान करने का प्रयास करता है। यह बात गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम में गृह वैज्ञानिक डॉ निमिषा अवस्थी ने दी।

उन्होंने कहा कि कुपोषण आपके शरीर को कार्य करने के लिए आवश्यक पोषक तत्वों और उसे मिलने वाले पोषक तत्वों के बीच असंतुलन है। इसका मतलब अल्पपोषण या अतिपोषण हो सकता है। कैलोरी की समग्र कमी के कारण कुपोषित हो सकते हैं, या प्रोटीन, विटामिन या खनिज की कमी हो सकती है। डॉ राजेश राय ने कहा की कुपोषण से निपटने में माताओं और 6 वर्ष तक के बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करके कुपोषण को दूर करने के लिये मार्च 2018 में लॉन्च किया गया था।

इसका लक्ष्य स्टंटिंग, अल्पपोषण, एनीमिया (छोटे बच्चों, महिलाओं और किशोर लड़कियों के बीच) तथा 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों को लक्ष्य बनाकर स्टंटिंग और कम वजन की समस्या को कम करना। छोटे बच्चों (6-59 महीने) तथा 15-49 वर्ष की महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया की व्यापकता को कम करना।

इस मौके पर सभी महिला प्रतिभागियों को डॉ अरुण सिंह ने पॉली हाउस में विकसित सब्जी की पौध भी वितरित की गयी। कार्यक्रम में फंदा गांव की नीतू, सोनी, रजनी इत्यादि 47 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

# अखिलेश यादव पर जावेद अख्तर को बड़ा भरोसा है : राजेन्द्र चौधरी

लखनऊ, 26 सितम्बर (हि.स.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी की भेंट आज संयोग से लखनऊ समझने पर विवश करता है जबकि रहीम आपसी सद्भावना के प्रेरक है। इन दोनों की विचारधारा सामाजिक सद्भाव और प्रेम से जीवन जीने की वाला समय महत्वपूर्ण होगा।

राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि श्री अख्तर का कहना था कि अयोध्या में सत्ता दल को जो शिकस्त मिली है, उससे कई



एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज में पहुंचे तो वहां पहले से बैठे फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध लेखक शायर जावेद अख्तर से हो गई। दोनों परस्पर परिचय होते ही दोनों के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का सम्बंध आया तो जावेद अख्तर की दिलचस्पी उनको लेकर भी बढ़ गई। दोनों के बीच हुई बातचीत को लेकर सपा राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने जानकारी दी।

उन्होंने पत्र के जरिए बताया कि इस मुलाकात के दौरान बात की शुरूआत में ही जावेद साहब ने बताया कि वे इन दिनों कबीर और रहीम के दोहों की आज के संदर्भ में प्रासंगिकता पर विशेष काम कर रहे हैं। इसी सिलसिले में वे लखनऊ आए थे। अख्तर साहब ने दो तीन दोहे भी सुनाए और उनकी व्याख्या भी की। उनका कहना था कि कबीर की वाणी में सरल आध्यात्मिक ज्ञान है जो मानव को सोचने और प्रेरणा देती है। आज के समय मानवीय मूल्यों पर हमला है तब और भी कबीर की प्रासंगिकता बढ़ गयी है। कबीर की वाणी खरी-खरी है रहीम के दोहों में भी गहरी समझ है।

फिर बात आगे बढ़ी तो साहित्य और राजनीति के विविध पहलुओं पर भी चर्चा होने लगी। जावेद साहब ने आराधना फिल्म की बात छेड़ी। फिर शोले का जिक्र कैसे नहीं होता। 1974 में इस फिल्म ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये थे। सलीम-जावेद की जोड़ी ने अमिताभ बच्चन को हीरो बना दिया। जावेद साहब का एक और रूप है सोशल एक्टिविस्ट का। समय-समय पर वे आज के मुद्दों पर अपने विचार रखते हैं। जिन पर कई बार विवाद भी हो जाता है।

जावेद अख्तर का मानना है कि देश में विघटनकारी राजनीति के दिन अब गिने चुने रह गये हैं। भाजपा शीर्ष स्थान से नीचे की ओर ढलान पर है। देश के अन्दर ही अन्दर आक्रोश है और आने चेहरों के रंग उतर गए हैं। पहले जैसी रौनक और चमक नहीं रह गई है। उन्हें भी पता है कि अब उनकी काठ की हांड़ी दुबारा नहीं चढ़ेगी। इसका श्रेय अखिलेश यादव को जाता है। इस प्रसंग में जावेद अख्तर ने माना कि अखिलेश यादव का सक्षम नेतृत्व है। उनसे लोगों को भारी उम्मीदे हैं। उनकी कुशल रणनीति के चलते ही लोकसभा चुनाव में भाजपा की जो दुर्गति बनी है उसका असर दूर तक दिखेगा।

राजेन्द्र चौधरी ने जावेद अख्तर को चौधरी चरण सिंह पर अपने आलेख की एक पुस्तिका भी भेंट की जिसमें सन् 1974 में चौधरी साहब के साथ में वे मंच पर सम्बोधन करते दिखाई दे रहे है। सन् 1974 में पहली बार गाजियाबाद में चौधरी चरण सिंह जी ने गाजियाबाद से राजेन्द्र चौधरी को भारतीय क्रांति दल से विधानसभा में प्रत्याशी बनाया था। श्री चौधरी तब छात्र संघ के अध्यक्ष भी थे।

# सीडीआरआई के वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को दी अनुसंधान और नवाचार की जानकारी

लखनऊ, 26 सितम्बर (हि.स.)। सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई), लखनऊ में 'ओपन डे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर और संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों को दशार्ने वाली एक वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया, तथा सीएसआईआर-सीडीआरआई की उपलब्धियां वीडियो के माध्यम से ऑडिटोरियम में प्रदर्शित की गयी। इस कार्यक्रम में जिज्ञासा जगाने और युवा मन को प्रेरित संस्थान द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालती हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों को प्रयोगशाला भ्रमण कराया गया।

इन दौरों ने उन्हें संस्थान में हो रहे नवाचारी कार्यों की एक झलक प्रदान की। विद्यार्थियों ने



लखनऊ के छात्रों को अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचारों की दुनिया को जानने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया गया।

सीएसआईआर स्थापना दिवस, जो प्रतिवर्ष 26 सितंबर को मनाया जाता है, सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में 'ओपन डे' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष, सीएसआईआर-सीडीआरआई में 18 स्कूलों और कॉलेजों से लगभग 750 छात्रों एवं शिक्षकों ने विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया। सीडीआरआई के वैज्ञानिकों एवं शोध छात्रों ने करने के लिए डिजाइन की गई गतिविधियों और आकर्षणों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई जिनमें साइन्स प्रोजेक्ट, क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं शामिल थीं। साथ ही, छात्रों ने प्रयोगशाला का दौरा किया और वैज्ञानिकों से बातचीत की।

ओपन डे के अवसर पर प्रदर्शन भी लगायी गयी थी। इसमें छात्रों को सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान की अभूतपूर्व उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनियों को देखने का मौका मिला। ये प्रदर्शनियाँ वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया। इसके अलावा एक विज्ञान माडल प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर केन्द्रीय विद्यालय एएमसी, लखनऊ के दीपक यादव तथा वेदांश सिंह की टीम रही।

दूसरे स्थान पर केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिजनौर, लखनऊ की योगिता तिवारी एवं आयुष तिवारी की टीम रही, और तृतीय स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय, पिपरसंड, लखनऊ से अमन मिश्रा एवं गौरव राजपूत की टीम ने प्राप्त किया।

# योगी सरकार ले आई गीडा में बहार, बढ़े उद्योग तो आया रोजगार

गोरखपुर, 26 सितंबर (हि.स.)। जिस गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 2017 के पहले तक लचर कानून व्यवस्था, सुविधाओं के घोर अभाव और सरकारों के उदासीन रवैये से निवेश दूर की कौड़ी लगती थी। अब उसी गीडा में योगी सरकार में निवेश की बहार है। जहां यूनिट लगाने से उद्यमी कतराते थे वहां अब उद्योगों की श्रंखला खड़ी हो रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद अब तक गीडा क्षेत्र में 2767 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पूरी तरह धरातल पर उतर चुके हैं, इनसे 4319 लोगों को रोजगार भी मिल चुका है। इस निवेश में मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण ब्रेवरेज की यूनिट भी शामिल है जिसका औपचारिक उद्घाटन 29 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले निवेश प्रस्तावों के सापेक्ष गीडा द्वारा 8940 करोड़ की निवेश वाली यूनिट्स को जमीनों का आवंटन किया जा चुका है। जब ये सभी निवेश मूर्त रूप में दिखेंगे तो करीब 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। फिलहाल पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण ब्रेवरेज के 1071 करोड़ रुपये के निवेश समेत 2767 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं उत्पादनरत हो चुकी हैं। वास्तव में गीडा में बदलाव की बयार 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद ही बहनी शुरू हो गई थी। उद्यमियों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियों के साथ समय समय पर खुद उद्यमियों के बीच मुख्यमंत्री के होने से औद्योगिक माहौल बेहतर होता गया और नोएडा की तरह गीडा भी निवेश के लिए लिए बेहतरीन गंतव्य बन गया।

पेप्सिको की यूनिट में साल भर में शुरू हो गया कमर्शियल उत्पादन

गीडा सेक्टर 27 में पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण ब्रेवरेज द्वारा लगाई गई यूनिट का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 8 अप्रैल 2023 को किया था। वरुण ब्रेवरेज विश्व मे पेप्सी के लार्जेस्ट मैन्युफैक्चरर में से एक हैं। एक साल में यानी अप्रैल 2024 से इसकी गीडा यूनिट में यहां काबोर्नेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स का कमर्शियल उत्पादन शुरू हो चुका है। अब यूनिट का औपचारिक उद्घाटन 29 सितंबर को सीएम योगी के हाथों होने जा रहा है।

गीडा में बीते डेढ़ साल में बड़े निवेश (सौ करोड़ से अधिक)

यूनिट निवेश रोजगार स्थिति

केयान इंडस्ट्रीज 1200 1000 निमार्णाधीन

वरुण ब्रेवरेज 1071 1509 उत्पादनरत

इंडिया ऑटोव्हील्स 400 1500 निमार्णाधीन

एसडी इंटरनेशनल 230 300 निमार्णाधीन

सीपी मिल्क 118 1000 उत्पादनरत

तत्वा प्लास्टिक्स 105 110 उत्पादनरत

कपिला कृषि 100 150 निमार्णाधीन (नोटः निवेश का आंकड़ा करोड़ रुपये में है। निमार्णाधीन यूनिट में रोजगार की संख्या प्रस्तावित है)

# कानपुर में 27 सितम्बर से शुरू होने वाले भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम

कानपुर, 26 सितम्बर (हि.स.)। ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में 27 सितम्बर से शुरू होने वाले भारत-बांग्लादेश टेस्ट क्रिकेट मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।

पुलिस कर्मचारी चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित सामान चेक करते हुए मैच देखने के लिए आने वाले लोगों को आने देंगे। संदिग्ध एवं कुव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी है।

यह निर्देश गुरुवार को पुलिस ब्रीफिंग के दौरान अपने कर्मचारियों से कानपुर नगर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कहा।

उन्होंने कहा कि मैच के दौरान किसी भी प्रकार की कुव्यस्था फैलाने की नीयत से यदि ग्रीन पार्क में प्रवेश करता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी है। ग्रीन पार्क में मैच देखने के लिए आने वाले लोगों से मधुर व्यवहार करना है। उन्होंने कहा कि मैच देखने के लिए आने वाले लोगों के वाहन व्यवस्थित तरह से निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा कराए। यदि कोई अपने वाहन ठीक ढंग से नहीं खड़ा करता है

तो उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई करनी है।

इसके साथ ही हमें ध्यान रखना है कि मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उनके मैदान में पहुंचने से जहां वे ठहरे हुए है, वहां भी सुरक्षा का ध्यान रखना है।



ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस आयुक्त लॉ एण्ड ऑर्डर, पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सीएसजेएमयू के दीक्षांत समारोह में दिये जाएंगे 105 पदक

कानपुर, 26 सितम्बर (हि.स.)। सीएसजेएमयू शनिवार को अपना दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है जिसकी तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं। गुरुवार को कुलपति प्रो. विनय पाठक ने बताया कि दीक्षान्त समारोह में 118737 विद्यार्थियों को स्नातक/परास्नातक की उपाधि तथा 86 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही स्वर्ण और सिल्वर सहित 105 पदक प्रदान किये जाएंगे।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने प्रेस वार्ता कर बताया कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित होगा। इस समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल करेंगी। वहीं समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे रहेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रुप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय एवं राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी रहेंगी। दीक्षान्त समारोह में उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना को मानद उपाधि प्रदान की जायेगी। दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति पदक (स्वर्ण, सिल्वर, ब्रांज सभी मिलाकर) 36 पदक तथा कुलपति स्वर्ण पदक 12 तथा 57 स्पोन्सर्ड स्वर्ण पदक सहित कुल 105 पदक दिये जायेंगे। 57 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति द्वारा पदक प्रदान किये जायेंगे, जिसमें 39 छात्राएं तथा 18 छात्रों को पदक दिये जायेंगे। दीक्षान्त समारोह में रितिका अवस्थी, डी.जी. कॉलेज, कानपुर, संगीत पाठ्यक्रम की छात्रा को कुलाधिपति स्वर्ण पदक सहित कुल 06 पदक प्रदान किये जायेंगे। इसके साथ ही 1,18,737 विद्यार्थियों को स्नातक/परास्नातक की उपाधि तथा 86 शोधार्थियों को ढँ.ऊकी उपाधि प्रदान की जायेगी। समारोह में 25 ऐसे छात्र-छात्राएं हैं जिन्हें एक से अधिक पदक प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर विवि के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार एवं वित्त नियंत्रक अशोक कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

# उप्र में फिर सक्रिय हुआ मानसून, भारी बारिश की संभावना

कानपुर, 26 सितम्बर (हि.स.)। बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र पूरे उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित कर रहा है। कानपुर सहित उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है और मध्यम से लेकर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि यह बारिश स्वास्थ्य एवं कृषि के लिए नुकसानदायक साबित होगी। इसके साथ ही बाढ़ जैसे हालात भी पैदा होने के आसार हैं।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से 26 सितंबर को उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के हिस्सों में एक निम्न दबाव क्षेत्र बन गया है। यह मौसम प्रणाली पहले ही समुद्र तट के अंदर प्रवेश कर चुकी है और आगे दक्षिण ओडिशा, दक्षिण छत्तीसगढ़, उत्तरी तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश के अंदरुनी इलाकों में पहुंचेगी। अंत में मध्य प्रदेश, उत्तरी मध्य महाराष्ट्र और दक्षिण-पूर्व राजस्थान के ट्राई-जंक्शन के बाहरी हिस्सों तक पहुंचेगी। इसके बाद यह मौसम प्रणाली उत्तरी एमपी और दक्षिण कानपुर मंडल सहित पश्चिम यूपी की ओर मुड़ जाएगी। इसके अलावा यह मौसम प्रणाली कमजोर हो जाएगी और उत्तर प्रदेश व बिहार के तलहटी के साथ-साथ आगे बढ़ेगी। इससे उत्तर प्रदेश और बिहार की तलहटी, सब-हिमालयन पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश होगी, क्योंकि मानसून ट्रफ इस क्षेत्र में शिफ्ट हो रहा है। इससे नदियों में जलस्तर बढ़ेगा और पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार की नदियों की स्थिति और बिगड़ सकती है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के छह जनपदों सहित मध्य व पूर्वी क्षेत्र 56 जिलों में मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं चलेंगी और मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। यह स्थिति अभी तीन दिन बनी रहेगी और 28 सितम्बर के बाद मानसून में बदलाव होगा जिससे बारिश का दौर कमजोर हो जाने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 29.8 और न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 83 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 92 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पूर्व रहीं जिनकी औसत गति 8.6 किमी प्रति घंटा रही और बारिश 2.0 मिमी हुई। आगामी दिनों आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता से ओत-प्रोत : प्रो. हरेश प्रताप सिंह

## -मुक्त विवि चल रहा दीनदयाल उपाध्याय के रास्तों पर : प्रो. सत्यकाम

प्रयागराज, 26 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं सामाजिक समरसता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रोफेसर हरेश प्रताप सिंह ने कहा कि



दीनदयाल उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता से ओत-प्रोत था।

गुरुवार को लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता ने आगे कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय समाज के सबसे निचले तबके को शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और स्वावलम्बन के माध्यम से उठाने का प्रयास करते रहे।

उनके समूचे व्यक्तित्व में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की झलक परिलक्षित होती है। उन्होंने संवेदना को निचले स्तर पर जाकर देखा।

प्रो. सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए व्यक्तिगत स्वार्थों की तिलांजलि देनी पड़ती है। पं. दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि कार्य एवं व्यवहार द्वारा ही समाज में परिवर्तन होता है। वह अंत्योदय पर बहुत बल देते थे। वंचित वर्गों की पढ़ाई और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उनके मन में नए विचार हमेशा उत्पन्न होते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश हित में किये जा रहे कार्य दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित हैं। जिन्हें अमल में लाकर देश विश्व में प्रगति के सोपान पर अग्रसर है।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सत्यकाम ने कहा कि आज मुक्त विश्वविद्यालय पं दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते पर चलकर शिक्षार्थी के द्वार तक शिक्षा पहुंचने का कार्य कर रहा है। आज अधिक से अधिक लोगों को दीनदयाल उपाध्याय के बारे में पढ़ना चाहिए। जिससे सामाजिक समरसता की व्यापकता का पता चलेगा तथा सामाजिक सम्बंधों के नए आयाम खुलेंगे। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर और प्रेमचंद की रचनाओं में भी दीनदयाल के भाव मिलते हैं। इसी तरह वह राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन और दीनदयाल उपाध्याय को उनके विचारों से करीब पाते हैं। क्योंकि जो भी जन को समर्पित होगा उसकी कोई भी चीज एक दूसरे में समाहित हो जाएगी। उन्होंने रविंद्र नाथ टैगोर के उपन्यास गोरा का जिक्र करते हुए उसे पढ़ने की सलाह दी। मुक्त विवि के पीआरओ डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत पं दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के निदेशक एवं संयोजक प्रो संजय कुमार सिंह ने किया तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रस्तावना प्रस्तुत की। राष्ट्रीय संगोष्ठी का समन्वय आयोजन सचिव डॉ. दिनेश सिंह, उपनिदेशक पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ ने, संचालन डॉ. बाल गोविंद सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कुल सचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

# आक्रोश रैली निकालकर सैंकड़ों कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन की माँग

औरैया, 26 सितंबर (हि.स.)। यूपीएस व एनपीएस के विरोध में व पुरानी पेंशन की माँग को लेकर कर्मचारियों के संगठन अटेवा (आल टीचर्स इम्प्लॉई अटेवा जिलाध्यक्ष अमन यादव ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम हरिश्चन्द्र को दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नई पेंशन योजना(एनपीएस) के रैली में कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करो व निजीकरण घातक है आदि नारे लगाए।

महामंत्री राशिद सिद्दीकी, मंत्री अमित पाल, अमित




वेलफेयर एसोसिएशन) द्वारा गुरुवार को आक्रोश मार्च निकाला गया। उद्योग नगरी दिबियापुर से होकर बाइक रैली के द्वारा सैंकड़ों कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया व ज्ञापन दिया। रैली में अटेवा के समर्थन में तमाम कर्मचारी संगठन सहयोग में शामिल हुए और एक स्वर में पुरानी पेंशन की मांग की।

दिबियापुर के पावनी गेस्ट हाउस से आक्रोश रैली की शुरूआत हुई। इसके बाद तमाम कर्मचारी बाइक रैली के साथ जिला मुख्यालय ककोर पहुंचे। दुष्परिणाम को लेकर प्रदेश में लगभग 14 लाख कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं। तमाम कर्मचारियों को एनपीएस के तहत 800 से लेकर 1200 तक पेंशन मिल रही है जो कि अन्याय पूर्ण है। वहीं अब केंद्र सरकार ने भी माना है कि एनपीएस व्यवस्था न्यायपूर्ण नहीं है इसलिए नई व्यवस्था यूपीएस लेकर आई है। लेकिन यूपीएस तो एनपीएस से भी ज्यादा नुकसानदेह है। इसलिए देश भर में कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग कर रहा है इसलिए हू-बहू पुरानी पेंशन देने की माँग की जा रही है। विसरिया व के के गौतम, देवेन्द्र राजपूत, इंद्रजीत, अमर सिंह, अजय पाल, शैलेन्द्र, सीमा पाल, अलका यादव, शिल्पी, पूनम कमल, लाखन सिंह, महेश, प्रीति शाक्य, सुनील कुमार, माहेश्वरी प्रसाद सिंह(शर्मा गुट), सफाई कर्मचारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र, धर्मेंद्र अम्बेडकर व आशीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। आक्रोश रैली में सफाई कर्मचारी संघ, नर्सेस ,फार्मासिस्ट, यूटा, शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ व प्रोटोन आदि संगठन ने भी समर्थन दिया।

# बलिया रेलवे स्टेशन के मेन गुम्बद टूट कर गिरा

बलिया, 26 सितंबर (हि.स.)।

बलिया रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित प्रवेश द्वार के गुबंद का एक हिस्सा गुरुवार को धराशायी हो गया। उसके नीचे खड़े यात्रियों में भगदड़ मच गई। इसकी खबर लगते ही परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। आरपीएफ व जीआरपी ने प्रवेश द्वार की बैरिकेडिंग कर बंद कराया।

बलिया रेलवे स्टेशन के भवन का निर्माण 1905 में हुआ था। 43 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे स्टेशन के भवन का सुंदरीकरण सहित कई निर्माण कार्य व यात्रियों सुविधाओं का विस्तार कार्य चल रहा है। पुराने भवन का बिना जीर्णोद्धार के सुंदरीकरण कर धौलपुर का पत्थर व फॉग लाइट लगाई गई थी। वर्षों पुराने भवन पर बिना जांच पड़ताल के पत्थर लगाकर खानापूर्ति की गई। यही कारण रहा कि बिना बिजली गिरे या आंधी-तूफान के अचानक स्टेशन के प्रवेश द्वार का गुबंद तेज आवाज के साथ धराशायी हो गया। उसके नीचे खड़े यात्रियों में भगदड़ मच गई। सभी परिसर की तरफ भाग खड़े हुए, इसमें कई महिला व बुजुर्ग यात्री गिर गए। पार्सल कार्यालय व पूछताछ कार्यालय के कर्मचारी डर के मारे बाहर की तरफ भाग निकले।

हालांकि, गुबंद का मलबा नीचे न गिरने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना पर पहुंचे आरपीएफ व जीआरपी के जवानों ने यात्रियों को हटाकर मुख्य गेट को बैरिकेडिंग कर आवाजाही बंद करा दी। परिसर में धराशायी गुबंद को देखने वालों की भीड़ जुट गई। हर कोई अपने मोबाइल में इसे कैद करने में लगा रहा। हालांकि, रेलवे पुलिस ने सभी को हटाया।

वाराणसी मंडल के पीआरओ अशोक कुमार ने कहा कि गुबंद का छज्जा बरसात के कारण गिर गया है। पुराने निर्माण पर ही पत्थर लगाया गया था, उसका मलबा नीचे नहीं गिरा है। उन्होंने कहा कि सजावटी छज्जा 45 डिग्री के कोण पर झुका हुआ है। इस भवन पर जब से गुम्बद का निर्माण हुआ है, उसके बाद अब तक इस भवन में कोई संरचनात्मक बदलाव नहीं किया गया है, केवल गुंबद पर मैचिंग धौलपुर पत्थर लगाया गया है। आज गुम्बद के एक तरफ के सजावटी छज्जे पर अतिरिक्त झुकाव देखा गया।

जांच के बाद पाया गया कि एक तरफ के सजावटी छज्जे में कुछ दरारें विकसित हुई है। इसके बाद झुके हुए सजावटी छज्जे को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# जालौन में बोले मंत्री राहुल गांधी आरक्षण के विरोधी

जालौन, 26 सितंबर (हि.स.)। यूपी के श्रम एवं सेवा योजना विभाग के राज्यमंत्री मनोहर लाल वर्मा उर्फ मन्नू कोरी गुरुवार को जालौन के उरई पहुंचे। उन्होंने राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए आरक्षण विरोधी बयान को लेकर पत्रकारों से बात की और कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी आरक्षण विरोधी है। वह बाबा साहब के आरक्षण को खत्म करना चाहती है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ऐसा नहीं करने देंगे।

बता दें कि मंत्री मन्नू कोरी गुरूवार को जालौन के मुख्यालय उरई पहुंचे यहां पर उन्होंने कार्यकताओं के साथ संवाद किया। वहीं मीडिया से मुखातिब हुए इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के लोगों ने कभी दलितों और ओबीसी को नहीं समझा और विदेश में जाकर के अमेरिका हो या लंदन वहां जाकर बुराई करते हैं। इसीलिए इसका विरोध किया जा रहा है। भाजपा ने कभी नहीं कहा कि संविधान बदलेंगे।

अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने चुनाव के पहले संविधान खत्म और आरक्षण खत्म करने के सवाल पर कहा कि लल्लू सिंह द्वारा जो बयान दिया गया। वह गलत कहा, हम उनका बिल्कुल समर्थन नहीं करते हैं। उनके द्वारा जो कहा गया वह बिल्कूल गलत है और मैं इस बात को ठीक नहीं समझता हूं। उनसे पूछा गया कि भाजपा ने संविधान बदलने की बात कही तो उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी नहीं कहा कि संविधान बदलेंगे। भाजपा और प्रथानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा संविधान की रक्षा करने की बात करते हैं।

# मदरसे के छात्र की सड़क हादसे में मौत

बरेली, 26 सितंबर (हि.स.) । घर से बाइक पर सवार होकर निकले मदरसे के छात्र को तेज गति से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

मामला थाना भोजीपुरा क्षेत्र के सैदपुर चुन्नीलाल निवासी अमीर हसन पुत्र रफीक अहमद (25) एक मदरसे का छात्र था। युवक अपनी बाइक पर सवार होकर भोजीपुरा के रास्ते धौरा टांडा जाने के लिए निकला था। इस बीच टोल प्लाजा के पास सामने से तेजी से आ रहे डंपर ने युवक की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को जिला अस्पताल भेजा, जहां युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया अमीर हसन अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटा था और मदरसे में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

# जिला पंचायत सदस्य की इलाज के दौरान हुई मौत

बाराबंकी, 26 सितंबर (हि.स.)। इलाज के दौरान जिला पंचायत सदस्य का निधन हो गया। इसके बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बाराबंकी के हैदरगढ़ प्रथम सीट से जिला पंचायत सदस्य कलावती पत्नी रामभीख निवासी खरसतिया करीब एक सप्ताह से बीमार चल रही थीं। उनका इलाज लखनऊ के सिविल अस्पताल में चल रहा था। हालत नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां बुधवार को उनकी मौत हो गई।

इसके बाद उनका पार्थिव शरीर उनके मूल निवास पर लाया गया। जहां पर क्षेत्र के तमाम नेता मौके पर पहुंचे और नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। वहीं क्षेत्र के लोग हजारों की संख्या में पहुंच गए।

# ब्रज रासलीला में हुआ राधा रानी की गोद भराई उत्सव

मेरठ, 26 सितम्बर (हि.स.)। श्री हरि भवन भोला रोड पर चल रही ब्रज रासलीला एवं श्रीकृष्ण लीला के आठवें दिन गुरुवार को राधा रानी का गोद भराई उत्सव हुआ। भक्तों ने राधा जी की विभिन्न वस्तुओं से गोद भराई की।

श्री हरि भवन (निकट चंद्रशेखर कालोनी) भोला रोड मेरठ पर आयोजित ब्रज रासलीला एवं श्री कृष्ण लीला के आठवें दिन राधा रानी एवं श्रीकृष्ण का मिलन तथा आध्यात्मिक व मानसिक गोद भराई कराई गई। बचपन में जब राधा गोकुल में बाल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण से मिली तो माता यशोदा ने कल्पना में खोते हुए कहा कि राधा रानी जैसी यदि मेरी पुत्रवधू हो जाए तो क्या ही बात है। इसके बाद उपस्थित भक्तों ने राधा जी की विभिन्न वस्तुओं से गोद भराई की। इस दृश्य का वाचन जब पंडित कैलाश चंद शर्मा द्वारा किया गया तथा उनके नाट्य मंडली द्वारा जीवंत चित्रण किया गया तो सभी कृष्णभक्त भावविभोर हो गए। पंडित कैलाश चंद्र शर्मा ने इस अवसर पर कई भजन भी प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान अनुराग गोयल, शालिनी गोयल, प्रदीप गुप्ता, श्री सनातन धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, महामंत्री बिजेंद्र सिंहल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव मित्तल, गौरव गुप्ता, पुनीत वर्धन, कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, चरण सिंह स्वामी, विष्णु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार अपराधियों को सबक सिखा रही हैं : चौधरी भूपेंद्र सिंह

मुरादाबाद, 26 सितम्बर (हि.स.)। सपा, कांग्रेस का सच अब देश और प्रदेश की जनता जान चुकी है। भाजपा सरकार अपराधियों को सबक सिखा रही है। आगामी 10 सीटों पर उपचुनाव व आगामी विधानसभा चुनावों में सपा साफ हो जाएगी। यह बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने गुरुवार को मुरादाबाद में युवा मोर्चा जिला इकाई द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में कही।

भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष अरुण पंडित के नेतृत्व में मूंढापांडे में युवा सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कहा कि देशभर में भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है।

यह सदस्यता अभियान ही बता देगा कि जनता किसके साथ है। हमारे कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि प्रतिदिन हर घर पहुंच रहे हैं और लोगों को भाजपा की सदस्यता दिला रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा वंशवाद की नहीं बल्कि कार्यकताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता ही विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनता हैं। तीसरी बार केंद्र में कार्यकताओं के दम पर भाजपा की सरकार बनी हैं।

# यूपीआईटीएस : -फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क पर तीनों नए प्रोजेक्ट्स पर यीडा का फोकस

## -सेमीकंडक्टर को लेकर तैयारियां पूरी, सरकार का अप्रूवल मिलते ही भूमि का अलॉटमेंट होगा संभव : अरुण वीर

### -मेगाइवेंट में यमुना प्राधिकरण ने सेमीकंडक्टर पार्क को बनाया अपना सबसे मेजर थीम

ग्रेटर नोएडा, 26 सितंबर(हि.स.)। इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से योगी सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश नहीं बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड



शो के द्वितीय संस्करण में इस बार विभिन्न स्टॉल्स को थीम के साथ प्रस्तुत किया गया है।

इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) यहां अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रहा है। खासकर वह प्रोजेक्ट्स जो जल्द ही लॉन्च होने वाले हैं। इनमें तीन सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क सबसे प्रमुख हैं। इन तीनों प्रोजेक्ट्स की थीम बनाकर यीडा ने अपने स्टॉल स्थापित किए हैं। यमुना प्राधिकरण के स्टॉल्स में प्रोजेक्ट्स के मॉडल्स के साथ-साथ उनकी विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है, ताकि विजिटर्स इन योजनाओं से अवगत हो सकें।

उल्लेखनीय है कि यमुना प्राधिकरण को इस शो में हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर की जगह प्रदान की गई है, जिसमें कुल 16 स्टॉल्स लगाए गए हैं। इनमें मुख्य स्टॉल यमुना प्राधिकरण का है। इसी में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के स्टॉल्स को स्थापित किया गया है। यह स्टॉल्स आगामी विकास परियोजनाओं की झलक और संभावनाओं को दर्शा रहे हैं।

**सेमीकंडक्टर के लिए आरक्षित हुई है जमीन**

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, हमारा मुख्य स्टॉल यीडा का है जिसका साइज ९७12 है। इसमें मुख्य रूप से फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क हमारे तीन नए थीम है। इसमें सेमीकंडक्टर हमारा सबसे मेजर थीम है और सेमीकंडक्टर के लिए हमने जमीनें भी आरक्षित कर दी हैं और जमीन हमारे पजेशन में आ गई है।

अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन समिट हुआ था, जिसमें काफी निवेशकों ने रुचि दिखाई। हमारे तीन प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट अप्रूवल के लिए प्रॉसेस में हैं, जो कभी भी अप्रूव हो सकते हैं। इसके अलावा और भी तीन-चार कंपनियां जिनमें कुछ यूएस कंपनियां भी इंट्रेस्ट दिखा रही है। जैसे ही सेमीकंडक्टर का अप्रूवल मिलता है, वैसे ही हम इसके लिए जमीन दे देंगे। हम इस पर बहुत फोकस कर रहे हैं।

**सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क की स्कीम आ रही जल्द**

सिंह ने कहा कि इसके साथ ही सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) भी हम बना रहे हैं। अभी तक यमुना एक्सप्रेसवे में आईटी, आईटीईएस सॉल्यूशन का कोई सेक्टर नहीं था तो अब हमने आईटी व आईटीटीएस के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क बनाने का निर्णय लिया है। इसमें इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इन कंपनियों को साथ लाकर हम यहां एक बढ़िया सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क बनाना चाह रहे हैं। इसलिए हमने आईटी और आईटीईएस सॉल्यूशंस के लिए यहां पर अलग से जमीन निर्धारित की है जो बहुत बड़े एरिया में है। ये भूमि भी हमने प्रोक्योर कर ली है और इसकी स्कीम भी हम बोर्ड मीटिंग के बाद निकालने जा रहे हैं। संभावना है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान ही बोर्ड से अनुमोदन लेकर हम इसकी स्कीम भी निकाल देंगे।

**फिनटेक पार्क पर भी तेजी से हो रहा कार्य**

उन्होंने बताया कि इसके अलावा हमारी महत्वाकांक्षी योजना फिनटेक सिटी का भी इसमें प्रदर्शित किया गया है। इसे भी हम जल्द शुरू करने जा रहे हैं। हम इसे ईएमसी-2 के साथ दिखा रहे हैं, जहां हैवल्स, एंकर जैसी यूनिट आ रही हैं। उन्होंने बताया कि ईएमसी-2 का प्रपोजल भारत सरकार में अप्रूवल के लिए प्रॉसेस में है जो किसी भी समय अप्रूव हो सकता है। साथ ही साथ फिनटेक के लिए है हम स्टेकहोल्डर्स की बैठक भी कर रहे हैं और पूरी उम्मीद है कि इसकी स्कीम भी हम अगले 10 से 15 दिनों में लांच करेंगे। स्टेकहोल्डर्स जिसमें फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस, स्टॉक ब्रोकर्स, इंश्योरेंस कंपनियां, रेगुलेटरी अथॉरिटीज इनके साथ एक हम मीटिंग कर-के फिर एक स्कीम ला रहे हैं। उनकी डिमांड के अनुसार इस पर आगे कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन तीन बड़े स्टॉल्स के अलावा जो कंपनियां हमारे साथ प्रतिभाग कर रही हैं, उसमें पूर्वांचल रियल स्टेट, आगरा की शू एक्सपोर्ट कंपनी आरटेक वान, न्यू जेन, फिल्म सिटी, पतंजलि, नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट, वीवो, सूर्या फूड और सिफी टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियों के भी स्टॉल लगाए गए हैं। ये सभी कंपनी यीडा क्षेत्र में कार्य कर रही हैं या करने जा रही हैं।

# शिक्षा ही तकनीकी उपयोग में बनाती है सक्षम : अजय तिवारी

प्रयागराज, 26 सितम्बर (हि.स.)। आज के तकनीकी संसार में शिक्षा की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। क्योंकि शिक्षा ही तकनीकी उपयोग के लिए हमें सक्षम बनाती है। उक्त विचार खंड शिक्षा अधिकारी अजय तिवारी ने व्यक्त किया।

वृहस्पतिवार को दांदूपुर स्थित समदरिया स्कूल में ॑शिक्षा की सार्थकता॑ विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके जीवन में जितना महत्व भोजन, कपड़े, हवा और पानी का है उससे कहीं अधिक महत्व शिक्षा का है। शिक्षा हम सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक उपकरण है। उन्होंने बच्चों के लिए एक स्मार्ट क्लास सिस्टम व क्रीडा किट शीघ्र सुलभ कराने की घोषणा की।

संस्थान के निदेशक डॉक्टर मणि शंकर द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्ति के नैसर्गिक गुणों का विकास करती है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्या अनुपमा सिंह ने किया।

संगीत शिक्षिका कादम्बरी द्विवेदी के निर्देशन में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम का संचालन रूपा चतुर्वेदी तथा आभार ज्ञापन मिष्टी राय ने किया।

इस अवसर पर मृणाल जतिन, संगीता, मोहिनी अग्रहरि, चेतना त्रिपाठी, अनीता, नेहा, विनोद यादव, राजेश, धर्मेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भगत सिंह की जयंती पर आआपा का तीन दिवसीय धरना शुरू

मेरठ, 26 सितम्बर (हि.स.)। बलिदानी भगत सिंह की 117वीं जयंती पर गुरुवार को जन समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस प्रदर्शन में पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आआपा कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं।

आआपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक सोमेंद्र ढाका के नेतृत्व में गुरुवार को कमिश्नरी पार्क में तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ। जन ससमयाओं को लेकर आआपा ने इस धरने की घोषणा की थी। इस धरने में पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों से आआपा कार्यकर्ता भाग लेने मेरठ पहुंच रहे हैं। बलिदानी भगत सिंह के 117वें जन्मदिवस पर आयोजित धरने में पार्टी पदाधिकारियों ने कमिश्नरी पार्क में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

आआपा के मेरठ जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शन प्राइवेट स्कूल और अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ है। जहां आम आदमी पार्टी की सरकार हैं। वहां शिक्षा और चिकित्सा फ्री दी जा रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश का हाल बेहाल है।

यहां निजी स्कूल और अस्पतालों में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिले में निजी स्कूल मनमानी फीस वसूल रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों में यदि मरीज भर्ती होता है तो लाखों रुपए का बिल बना दिया जाता है। कई बार अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ। आआपा इस मनमानी के खिलाफ आंदोजन जारी रखेगी।

सोमेंद्र ढाका ने कहा कि निजी स्कूलों में एडमिशन से लेकर फीस, किताबों पर वसूली की जाती हैं। बड़े स्कूलों में एडमिशन के नाम मोटी रकम वसूली जाती है। उसके बाद मनमानी फीस, एक ही दुकान से स्कूल की ड्रेस और किताबें लेने के लिए मजबूर किया जाता है। प्राइवेट अस्पतालों की स्थिति भी ऐसी ही है। प्राइवेट अस्पतालों में लाखों का बिल बना दिया जाता है। इस मनमानी के खिलाफ आआपा का आंदोलन जारी रहेगा।

# हर राष्ट्रवादी को संस्कृत पढ़ना चाहिये : आनंदीबेन पटेल

## –सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय का 42वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

## –संस्कृत मात्र एक भाषा ही नहीं अपितु भारत के एक गौरवपूर्ण इतिहास को समेटने वाली अमूल्य निधिः प्रो.अनिल सहस्त्रबुद्धे

वाराणसी, 26 सितम्बर(हि.स.)। सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय का 42वां दीक्षान्त समारोह गुरूवार को परिसर स्थित ऐतिहासिक मुख्य भवन में सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि संस्कृत भाषा देववाणी है तो, देशवाणी भी है। हर राष्ट्रवादी को संस्कृत पढ़ना लिये संस्कृत के शब्दों की छोटी किताब प्रकाशित की जाय। जिससे संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार और विकास तीव्र गति से हो सके। उन्होंने परिसर स्थित सरस्वती भवन पुस्तकालय में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों का उल्लेख किया। बताया कि हजार वर्ष या उससे पूर्व की पांडुलिपियों को संरक्षित किया गया है। जिसमें अनमोल ज्ञान राशि निहित हैं, उसके संरक्षण है । जो समस्त भारतीयों के लिये उर्जा का श्रोत है। संस्कृत ज्ञान के बिना भारत को जानना पूर्ण सम्भव नही है। उन्होंने कहा कि हम लोग सुनते हैं कि विज्ञान यूरोप से आया तो यह बिलकुल गलत है।

आप अपनी धारणा को बदलें। विज्ञान और गणित के साथ ही साथ भौतिक विज्ञान की उत्पत्ति भी भारत से ही हुई है। यहां से पहले ईरान और फिर



चाहिये। समारोह में राज्यपाल ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) के चेयरमैन प्रो.अनिल सहस्त्रबुद्धे के साथ 31 मेधावियों को 56 स्वर्णपदक दिए।

जिसमें आचार्य परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाली टुम्पा राय को 07 स्वर्ण पदक मिला। समारोह में 13733 छात्र और छात्राओं को शास्त्री, आचार्य और विद्या वारिधि (पीएचडी) की उपाधियां दी गईं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने आचार्यों से अपील किया कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के का कार्य भी भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन अच्छे ढंग से कर रहा है। उन्होंने कहा कि पांडुलिपियों का प्रकाशन कराकर व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाना चाहिए।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने खिलाड़ी आकांक्षा वर्मा के संघर्ष और सफलता का भी जिक्र किया। समारोह में मुख्य अतिथि नैक चेयरमैन प्रो.अनिल सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि संस्कृत मात्र एक भाषा ही नहीं अपितु भारत के एक गौरवपूर्ण इतिहास को समेटने वाली अमूल्य निधि अमेरिका पहुंची है।

समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मेडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को समाज का माडल बनना होगा तभी सही रूप में उनके द्वारा अर्जित ज्ञान का उपयोग हो सकेंगा। समारोह में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने काशी नगरी के महिमा का बखान किया।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विशिष्ट अतिथि गृह का शिलान्यास भी किया।

# जिलाधिकारी के आदेश पर चार आरोपितों की संपत्ति कुर्क

मुरादाबाद, 26 सितम्बर (हि.स.)। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह के आदेश पर गुरुवार को थाना मूंढापांडे व थाना मझोला क्षेत्र में चार आरोपितों की संपत्ति कुर्क की गई है। चारों आरोपितों ने अलग-अलग जगह आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर संपत्ति जुटाई थी। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दौलरा निवासी सलाउद्दीन और सक्टूनगला निवासी अब्दुल रहीम, मझोला थाना क्षेत्र के करूला पीर का बाजार निवासी आरोपित जावेद और उसके भाई शहजाद द्वारा गोकशी समेत अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर संपत्ति जुटाई थी।

जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह के आदेश पर गुरुवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी फोर्स लेकर दौलरा गांव पहुंचे। आरोपित सलाउद्दीन के 89.03 वर्गमीटर पर बना मकान कुर्क किया गया। जिसकी कीमत 1 लाख 96 हजार 951 रुपये आंकी गई है। इसके अलावा टीम ने सक्टूनगला में आरोपित अब्दुल रहीम और उसके बेटे फरमान का 10 लाख 30 हजार रुपये कीमत का मकान कुर्क किया। आरोपित अब्दुल रहीम के खिलाफ भोजपुर, कटघर और मूंढापांडे थाने में 8 दो मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा टीम ने मझोला थाना क्षेत्र के करूला पीर का बाजार में आरोपित जावेद और उसके भाई शहजाद के यहां कार्रवाई की। जावेद पर तीन और शहजाद पर 6 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपितों की एक-एक स्कूटी जब्त की गई। जिसकी कीमत 55 हजार रुपये आकी गई है। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि गैंगस्टर के आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की गई है।

# गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 7 साल की सजा व 5 हजार रुपये जुमाना

## -महानगर के थाना मझोला में 10 वर्ष दर्ज हुआ था मुकदमा

मुरादाबाद, 26 सितम्बर (हि.स.)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत ने गुरुवार को 10 वर्ष पूर्व गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 7 साल के कारावास सजा सुनाई है। साथ ही आरोपित पर 5 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

महानगर के थाना मझोला में 28 नवंबर 2014 को दरोगा नीरज कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें थाना पुतली घर रोड प्रकाश नगर निवासी नीरज उर्फ पड़वा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज कराया था। मुकदमें की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत में की गई। अदालत ने पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर आरोपित को गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाया। दोषी करार दिए गए आरोपित नीरज उर्फ पड़वा को अदालत ने आज 7 साल के कारावास की सजा के साथ उस पर 5 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

# जिलाधिकारी ने मृतक लेखपाल के परिवार को दी 15 लाख की सहायता राशि चेक

लखीमपुर खीरी, 26 सितंबर (हि.स.)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में चुनाव ड्यूटी पर आते वक्त सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले लेखपाल कैलाश सिंह यादव के परिवार को गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह की उपस्थित में 15 लाख की आनलाइन ट्रांजेक्शन रसीद प्रति व डेमोचेक ससम्मान प्रदान किया।



एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल कैलाश सिंह यादव तहसील मितौली में लेखपाल के पद पर कार्यरत थे। वह 143-कस्ता विस निर्वाचन क्षेत्र में वोटरलिस्ट के पुनरीक्षण में निर्वाचन सुपरवाइजर थे। इनकी ड्यूटी 29-धौरहरा लोकसभा 143-कस्ता विस निर्वाचन क्षेत्र में मतदानकर्मियों को ईवीएम/स्टेशनरी वितरण व मतदान पश्चात 13 मई 2024 को ईवीएम व अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख जमा करने में लगी थी। उसी दिन शाम को मतदान से सम्बंधित अभिलेखों व अन्य

सामग्री को जमा करने आ रहे थे तभी रास्ते में कस्ता लखीमपुर मार्ग पर शिवाला तिराहे के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें ट्रामा सेन्टर ओयल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने लेखपाल कैलाश सिंह यादव को मृत घोषित कर दिया था।

लेखपाल की मौत के बाद उनके वैध आश्रितों पत्नी रेखा, पुत्री कर्णिका यादव, पुत्र हर्ष यादव से सम्बन्धित संयुक्त नामों से संचालित बैंक खाता में ई-कुबेर के जरिए भुगतान करते हुये सम्बन्धित आनलाइन ट्रांजेक्शन रसीद की प्रति और डेमो चेक/डीईओ दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा आज प्रदान की गई है।

इस मौके पर अपर उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्र, एडीईओ तौसीफ अहमद एवं निर्वाचन कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सदस्यता अभियान : प्रथम चरण में काशी क्षेत्र के अंतर्गत बने 16 लाख 5458 सदस्य

प्रयागराज, 26 सितम्बर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी की चल रहे सदस्यता अभियान में काशी क्षेत्र द्वारा प्रथम चरण में कुल 16 लाख 5458 सदस्य बनाए गए हैं। काशी क्षेत्र के टॉप टेन जिले के आंकड़े में प्रथम स्थान पर प्रतापगढ़ 172141, दूसरे स्थान पर मिजार्पुर 150581, तीसरे स्थान पर प्रयागराज महानगर 142164, चौथे स्थान पर गाजीपुर 133164 पांचवें स्थान पर चंदौली 131664, छठवें स्थान पर वाराणसी जिला 118620, सातवें स्थान पर वाराणसी कैंट 106561, आठवें स्थान पर सुल्तानपुर 92867, नवें स्थान पर भदोही 87981 दसवें स्थान पर जौनपुर 82705 सदस्य बना कर रहे।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भाजपा की चल रहे सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 25 सितम्बर को समाप्त होने तक प्रयागराज महानगर ने अपना निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महानगर द्वारा प्रथम चरण का सदस्य बनाने का लक्ष्य 140000$ आंकड़ा को प्राप्त करते हुए 142164, सदस्य बनाकर काशी क्षेत्र के टॉप टेन के तीसरे स्थान पर रहा। जबकि टॉप 10 की विधानसभा में प्रयागराज महानगर का 262 शहर उत्तरी विधानसभा 57732 सदस्य बनाकर प्रथम स्थान और 263 दक्षिणी विधानसभा 45457 सदस्य बनाकर छठवें एवं 261 से पश्चिम विधानसभा 38975 सदस्य बना कर 9वॉं स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने प्रथम चरण के लक्ष्य को प्राप्त करने पर भाजपा कार्यकताओं को बधाई दी और कहा कि सदस्यता अभियान के दोनों चरण मिलाकर 250000 प्लस का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें से हम प्रथम चरण में 140000 प्लस का लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं। कार्यकताओं की मेहनत से हम समय के पहले ही दूसरे चरण का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे और काशी क्षेत्र के जिले के टॉप 10 की सूची में प्रथम एवं प्रदेश के टॉप 10 की सूची में अपना स्थान प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे।

प्रथम चरण की सफलता पूर्वक लक्ष्य प्राप्त करने पर कार्यकताओं को पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, महापौर गणेश केसरवानी, प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, जिला प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव पूर्व उपमहापौर मुरारी लाल अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह, शशि वार्ष्णेय आदि ने बधाई दी है।

# फरुर्खाबाद में स्कूल गए सात वर्षीय छात्र की गले में गुब्बारा फंसने से हुई मौत

फरुर्खाबाद, 26 सितम्बर (हि.स.)। जनपद के कमालगंज थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहोरा में नल पर पानी पीने गया कक्षा दो में पढ़ने वाला छात्र गिरकर बेहोश हो गया। स्कूल का स्टाफ आनन–फानन में बच्चे को लेकर सीएचसी कमालगंज पहुंचा, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बहोरा निवासी जगत राम (7) पुत्र जबर सिंह कक्षा दो का छात्र था। वह गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय बहोरा में पढ़ने गया था। उसी स्कूल में उसका भाई कार्तिक भी पढ़ता है। दोपहर में लंच होने पर सभी बच्चे खाना खाने और खेलने के लिए कक्षा से बाहर निकल गए। जगत राम के मुंह में गुब्बारा था। वह किसी तरह गले में फंस गया, जिससे वह पानी पीने के लिए दौड़ा। हैंडपम्प के पास श्वास अवरुद्ध होने से वह बेहोश होकर गिर गया। लंच का समय खत्म होने के बाद घंटी बजाई गई तो सभी बच्चे अपने–अपने कक्षा में पहुंच गए लेकिन जगतराम नहीं पहुंचा।

खोजबीन की गई तो पता चला कि जगत राम नल के पास बेहोश पड़ा है। स्कूल का स्टाफ एंबुलेंस से छात्र को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचा। डॉ विकास पटेल ने छात्र का चिकित्सीय परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक छात्र जगत राम के भाई कार्तिक ने बताया कि उसका भाई नल पर पानी पीने गया तभी वह बेहोश हो गया और पानी भी नहीं पी सका था। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों ने सात वर्षीय जगत राम के हाथ में गुब्बारा देखा था, शायद उसने गुब्बारा निगल लिया और उसकी श्वास नली अवरुद्ध हो गई जिसके चलते उसकी मौत हुई है।

छात्र की मौत पर रहस्य को देखते हुए लोग तरह–तरह की बात कर रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंच गए।

# श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर सृष्टि वर्णन

मुरादाबाद, 26 सितम्बर (हि.स.)। आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर गुरुवार को कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य राष्ट्रपति पुरस्कार विभूषित आचार्य डा. जगदीश प्रसाद कोठारी ने सृष्टि वर्णन का विस्तार से वर्णन किया। ध्रुव चरित्र के विषय का वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि भगवान की प्राप्ति लिए अवस्था का कोई महत्व नहीं है। 5 वर्ष की अवस्था में ध्रुव जी ने वह पद प्राप्त किया, जिसको बड़े- बड़े सिद्ध योगी, तपस्वी, ऋषि आदि प्राप्त नहीं कर पायें।

उन्होंने बताया कि भरत जी के पूर्व में ऋषभदेव जी जो जैन धर्म के आदि तीर्थकर रहें, उनके पुत्र भरत जी हुए। जिनके नाम से हमारा देश भारत कहलाया। अजामिल की कथा में भगवान के नाम का महत्व बताया, भगवान के नाम में पापों का नाश करने की अपार शक्ति है। आरती के उपरांत प्रसाद वितरित किया। बता दें कि कथा सुनने के लिए सैकडों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

# एयर कमोडोर मनीष सिन्हा ने संभाली वायु सेना स्टेशन बमरौली की कमान

प्रयागराज, 26 सितम्बर (हि.स.)। एयर कमोडोर मनीष सिन्हा ने वायु सेना स्टेशन बमरौली की कमान संभाल लिया है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय प्रयागराज के जनसम्पर्क अधिकारी समीर गंगखेडकर ने गुरूवार को दी। उन्होंने बताया कि 21 जून 1993 को कमीशन, एयर कमोडोर मनीष सिन्हा एक हेलीकॉप्टर पायलट और एक योग्य फ्लाइंग प्रशिक्षक है। उनके पास चेतक, एएलएच और मिग 21 टी-77 पर लगभग 4050 घंटे का उड़ान का अनुभव है। वह नेशनल डिफेंस एकेडमी, खडकवासला, पुणे के पूर्व छात्र हैं।

उन्होंने आगे बताया कि मनीष सिन्हा भारत और विदेशों में विभिन्न ऑपरेशनल और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्यरत रहे हैं।

जिसमें सूडान में यूनाइटेड नेशन पीस कीपिंग मिशन के लिए प्रतिनियुक्ति शामिल है और मॉरीशस में भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण टीम का नेतृत्व किया है। उन्होंने पश्चिम में एक फ्रंटलाइन हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन और पूर्व में एक एयरबेस की कमान संभाली है। उनकी पिछली नियुक्ति मुख्यालय आईडीएस में रही है, जहां उन्होंने रक्षा सेवाओं में एकीकृत संचालन में बेहद योगदान दिया।

# ज्वेलर्स की दुकान में नकब लगाकर चोरी,सिपाही निलंबित

उन्नाव, 26 सितंबर (हि.स.)। असोहा थाना के कुछ मीटर की दूरी पर पुलिस की मौजूदगी थी इसके बाद भी शिव ज्वैलर्स की दुकान की दीवार को काटकर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया है ।नाराज पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने ज्वेलर्स की दुकान के निकट लगे ड्यूटी पर सिपाही अरविंद कुंतल एवं संजू यादव को लापरवाही के चलते तत्काल निलंबित कर दिया। निलंबन की जानकारी एक पुलिस विज्ञप्ति में दी गई है। दोनों सिपाहियों के विरुद्ध विभागीय जांच के भी आदेश एस पी ने दिए हैं।

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व एक उपनिरीक्षक सहित साथ पुलिस कर्मियों को विभिन्न मामलों में दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया था ।प्राप्त जानकारी के अनुसार असोहा थाना भवन से मात्र तीस मीटर दूरी पर दुकान से बमुश्किल तीस मीटर दूरी पर शिव ज्वैलर्स की दुकान में नकब लगाकर लाखों रूपए नगद तथा चांदी के जेवर उठा ले गये, थाने के सामने इस चोरी से लोगों मे दहशत का माहौल है,और लोगों का भरोसा पुलिस से भी

उठता नजर आ रहा है।

पाठकपुर के अनिल रावत की सोने चांदी की दुकान असोहा में है,अनिल रावत रात को दुकान बंद कर अपने घर पाठकपुर चले जाते हैं,आज गुरुवार सुबह जब वह अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का दृश्य देख कर वह चौक उठे,गल्ले का लाक टूटा हुआ था गल्ले में रंखे तकरीबन दो लाख रुपए नगद व साढ़े तीन किलो चांदी भी नहीं थी। यह सब देखकर अनिल हकीकत समझ गये कि दुकान में चोरी हो गयी।

जैसे ही चोरी की बात फैली, लोगों की भीड़ दुकान पर एकत्र हो गयी। चोर अनिल ज्वैलर्स की दुकान के बगल में रामकुमार सबिता की खाली पड़ी दुकान की तरफ से अनिल की दुकान में नकब लगा कर घुसे। सूचना पाकर असोहा पुलिस भी मौके पर पहुंची और थोड़ी देर बाद अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह भी मौके पर पहुंचे। डाग स्क्वायड भी मौके पर पहुंचा लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिल सकी।इस घटना के बाद असोहा के दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिया। जिला व्यापार मंडल के लोग भी मौके पर पहुंचे।अपर पुलिस अधीक्षक ने चार दिन में इस चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया है।

बताते चलें कि शिव ज्वैलर्स की दुकान के सामने दो बैंक भी है। एकआर्यावर्त बैंक और दूसरा जिला सहकारी बैंक। चोरों ने अगर बैंकों की तरफ रुख किया होता तो बहुत बड़ी घटना होती। दूसरी बात शिव ज्वैलर्स की दुकान के पास ही कई पुलिस के सिपाही किराये पर मकान लिये हैं,लेकिन किसी को चोरी की भनक नहीं लगी।

इस चोरी की बड़ी घटना से खासकर पुरवा पुलिस की आंखों से परदा उठ जाना चाहिए जो चोरी की घटनाओं को फर्जी मान कर एफआईआर तक नहीं लिखती। यही वजह है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं। शिव ज्वैलर्स की दुकान में चोरों को दुकान की तिजोरी तोड़ने में कामयाबी नहीं मिली। अगर तिजोरी तोड़ने में कामयाबी मिल जाती तो फिर करोड़ों की चोरी होती। दुकान मालिक अनिल के अनुसार तिजोरी साफ-साफ बच गयी है।

# पुरानी पेंशन को लेकर प्रदर्शन निकाला पैदल मार्च

बरेली, 26 सितंबर (हि.स.)। अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने जिला संयोजक डॉक्टर मुनीश कुमार गंगवार, मंडल मंत्री जगदीश गंगवार के नेतृत्व में ऑल टीचर्स और एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर धरना प्रदर्शन किया और पैदल मार्च निकाला।

इस अवसर पर डॉ मनीष कुमार गंगवार ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस कर्मचारियों के हित में नहीं है हम इसका विरोध करते हैं और हमें यह योजना स्वीकार नहीं है। इस अवसर पर एनई रेलवे मेंस कांग्रेस, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई संघ, उत्तर प्रदेश विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश नर्सिंग संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, टीएससीटी, उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ आदि अनेक विभागों के संगठनों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर धरना प्रदर्शन किया और पैदल मार्च निकाला। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर रूप किशोर, हेमपाल गंगवार, भूप सिंह, राजकुमार यादव, नीतू वर्मा, पुष्पा गंगवार, तबस्सुम, राशिद सूरी, वीरेंद्र गंगवार, जगदीश गंगवार, प्राची शर्मा, नीलम शर्मा, भारत वीर गंगवार, चित्रसेन, अनिल कुमार गंगवार, डॉक्टर पंकज यादव, सनोज गंगवार, धर्मवीर गंगवार, देवेंद्र कुमार, बी सी यादव, मनोज कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

# शहर में आठ अक्टूबर तक चलेगा स्कूल आधारित विशेष टीकाकरण अभियान

गोरखपुर, 26 सितंबर (हि.स.)। डिप्थीरिया (गलघोंटू) और टिटनेस से बचाव के लिए शहर में आठ अक्टूबर तक स्कूल आधारित विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। एडी हेल्थ डॉ एनपी गुप्ता और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे की मौजूदगी में अयोध्या दास गर्ल्स इंटर कॉलेज से गुरूवार को इस अभियान का शुभारंभ हुआ। इसके तहत शहर के 275 स्कूलों में सत्र लगा कर छूटे हुए बच्चों को डीपीटी बूस्टर और टीडी का टीका लगाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कक्षा एक में पढ़ने वाले पांच वर्ष के बच्चों को डीपीटी टू बूस्टर डोज, कक्षा पांच में पढ़ने वाले दस वर्ष के विद्यार्थियों को टीडी दस और कक्षा दस में पढ़ने वाले सोलह वर्ष तक के किशोर किशोरियों को टीडी सोलह वैक्सीन लगाई जाएगी। विशेष टीकाकरण सत्र 30 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 05 अक्टूबर, 07 अक्टूबर और आठ अक्टूबर को लगाए जाएंगे। इस दौरान पांच वर्ष तक के कक्षा एक में पढ़ने वाले 1154 बच्चों को डीपीटी का बूस्टर डोज, 10 वर्ष तक के कक्षा पांच के 2324 बच्चों को और 16 वर्ष के कक्षा दस के 1384 किशोर किशोरियों को उनके स्कूल में टीके लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा ने छात्राओं को बताया कि नियमित टीकाकरण बारह प्रकार की जानलेवा बीमारियों से रक्षा करता है। इन बीमारियों में डिप्थीरिया (गलघोटू) और टिटनेस भी शामिल हैं। इनसे बचाव के लिए ही छूटे हुए बच्चों को उनके स्कूल और कॉलेज में टीका लगाया जा रहा है।

इस अवसर पर उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हरिओम पांडेय, सहायक शोध अधिकारी अजीत सिंह, डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ विनय शंकर, यूनिसेफ के डीएमसी डॉ हसन फहीम, यूएनडीपी संस्था के प्रतिनिधि पवन सिंह, जेएसआई संस्था के प्रतिनिधि अभिषेक उपाध्याय और स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी आदिल फखर प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

### लक्षण आए तो न घबराएं

सीएमओ ने बताया कि टीकाकरण के बाद कुछ बच्चों में बुखार और इंजेक्शन वाली जगह पर लालिमा या सूजन की दिक्कत हो सकती है । यह सामान्य प्रतिक्रिया है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इससे बचाव के उपाय बताने के साथ साथ बुखार की दवा भी दी जाती है ।

### जानलेवा है गलघोटू और टिटनेस

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दूबे ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार डिप्थीरिया (गलघोटू) संक्रामक रोग है जो संक्रमित मरीज के सम्पर्क में आने के दो से पांच दिन में फैलता है। गले में खराश और बुखार के लक्षणों के साथ यह धीरे धीरे गंभीर रूप ले लेता है। इसके कारण सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है और ह्रदय की मांसपेशियों में सूजन और नुकसान, गुर्दे में समस्या और प्लेटलेट कम होने से खून निकलने लगता है। ह्रदय गति असामान्य हो सकती है और पक्षाघात की भी आशंका रहती है । मरीज के खांसने और छींकने के दौरान निकलने वाले श्वसन बूंदों से यह फैलता है। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत मिलने वाली इसकी तीन खुराकों के साथ साथ बचपन और किशोरावस्था के दौरान तीन बूस्टर खुराक भी आवश्यक है। इसी प्रकार टिटनेस भी एक तीव्र संक्रामक रोग है, जो नवजात शिशुओं और गर्भवती के लिए ज्यादा गंभीर है । क्लोस्ट्रीडियम टेटानी नामक जीवाणु के बीजाणुओं के साथ इसका संक्रमण किसी कट या घाव के कारण होता है। इसके अधिकांश मामले संक्रमण के चौदह दिन के भीतर होते हैं। जो लोग टिटनेस से ठीक हो जाते हैं उनके दोबारा भी संक्रमित होने की आशंका रहती है और इसीलिए इसका टीकाकरण आवश्यक है। इसके संक्रमण के कारक बीजाणु पर्यावरण में हर जगह पाए जाते हैं और यह भी किसी आयु वर्ग में हो सकता है ।

# अयोध्या : जिले में 120 कुम्हार बने हैं अब तक हाईटेक

**-स्थानीय शिल्पकारों के परंपरागत शिल्प को पुनर्जीवित कर रही है योगी सरकार**

**-अयोध्या के कुम्हार हो रहे हाईटेक, खादी ग्रामोद्योग विभाग कुम्हारों में वितरित कर रहा इलेक्ट्रिक चाक**

अयोध्या, 26 सितंबर (हि.स.)। काफी तेजी से विलुप्त होती जा रही माटी कला को योगी सरकार ने एक बार फिर से पुनर्जीवित करने का प्रयास शुरू किया है।

प्रदेश कि योगी सरकार के दीपोत्सव में यहाँ लाखों की संख्या में दीपक की आवश्यकता होती है। जिसे साधरण चाक से पूरा नहीं किया जा पा रहा था। अब जब इलेक्ट्रिक से चलने वाले चाक कुम्हारों के हाथों में पहुँच जाएंगे

120 कुम्हारों में अब तक वितरित किये गए हैं इलेक्ट्रिक चाक

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि हमारे विभाग की ओर से माटी कला को



सहयोग से अब अयोध्या के कुम्हारों को हाईटेक करने का बीड़ा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उठाया है। अयोध्या जनपद के कुम्हारों को अब बिजली से चलने वाले चाक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके पीछे सरकार की मंशा है कि कुम्हारों के बंद होते जा रहे रोजगार को पुनर्जीवित करते हुए कुम्हारों की आय को बढ़ा कर उनकी आय को बढ़ाना है। वैसे भी अयोध्या में दीपावली के मौके पर आयोजित होने वाले तो उनका काम और तेज हो जाएगा।

कुम्हारों की मदद कर रहा खादी ग्रामोद्योग विभाग

मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना से कुम्हारों को हाईटेक बनाने के लिए खादी ग्रामोद्योग विभाग आगे आया है। जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में माटी कला व्यवसाय के शिल्पियों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक चलाने का प्रशिक्षण व वितरण किया जा रहा है। प्रोत्साहित करने के लिए कुम्हारों को हाईटेक किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की ओर से वर्ष 2021-22 में 25,वर्ष 2022-23 में 20,वर्ष 2023-24 में 40 व 2024-25 में 35 कुम्हारों को हाईटेक बनाते हुए इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अबतक 120 कुम्हारों को योजना का लाभ मिला है। शासन की ओर से चिन्हित कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक वितरित किये जा रहे हैं।

# बुंदेलखंड में दलहन की खेती का नीचे गिरा ग्रॉफ

**अब धान और गेहूं की खेती का लगातार बढ़ रहा दायरा**

हमीरपुर, 26 सितम्बर (हि. स.)। बुंदेलखंड कभी अरहर की बंपर पैदावार के लिए हब माना जाता था लेकिन अब पिछले कई सालों से इसकी खेती दैवीय आपदा की भेंट चढ़ रही है। हर साल अरहर की खेती को बेमौसम बारिश से तगड़ा झटका लगने से अब किसानों का इस फसल से मोह भंग हो रहा है। इसीलिए गेहूं की खेती का अब लगातार दायरा बढ़ रहा है। अरहर की खेती का ग्रॉफ नीचे गिरने से कृषि डिपार्टमेंट के अधिकारी भी चिंतित हैं।

बुंदेलखंड पूरे प्रदेश में दो दशक पहले अरहर की दाल की सप्लाई करने वाला हब माना जाता था लेकिन अब यहां क्षेत्र के किसानों को अरहर की दाल के लाले ही पड़े है।

संतोष सिंह, निरंजन सिंह राजपूत व सुरेश सिंह समेत तमाम किसानों का कहना है कि सिंचाई के संसाधन की बड़ी कमी के कारण बुंदेलखंड क्षेत्र खरीफ में दलहनी की खेती का ग्रॉफ अब नीचे गिर रहा है।

कभी सत्तर फीसदी जमीन पर दलहन की खेती यहां होती थी। अकेले हमीरपुर जिले में ही तीन लाख हेक्टेयर में खरीफ की फसलों की बोआई कराए जाने का टारगेट रखा गया था मगर सिर्फ दो लाख हेक्टेयर में ही खरीफ की फसलें बोई गई हैं।

यहां क्षेत्र में काफी बड़े क्षेत्र की जमीन में बोआई नहीं हो पाती है।

खरीफ में धान की फसलें इस बार तीस हजार हेक्टेयर में धान की बोआई हुई है वही ग्यारह हजार हेक्टेयर में ज्वार, अंठानवें हेक्टेयर में बाजरा की बोआई किसानों ने की है। उपनिदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि शासन से बीस हजार से अधिक हेक्टेयर में अरहर की बोआई कराने का टारगेट मिला था जिसमें किसानों ने इसकी बोआई की है।

बताया कि दलहनी फसलें छियालीस हजार हेक्टेयर एरिया में बोई गई है। दो दशक पहले दलहनी फसलों की बोआई डेढ़ लाख हेक्टेयर में हुई थी।

अरहर की बंपर पैदावार का बुंदेलखंड रहा है हब

उपनिदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव का मानना है कि अरहर समेत दलहनी फसलों के लिए बुंदेलखंड क्षेत्र कभी हब माना जाता था लेकिन यहां इसकी खेती का ग्रॉफ नीचे गिर रहा है। पहले डेढ़ लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती होती थी लेकिन अब पच्चीस फीसदी एरिया में इसकी खेती हो रही है। प्रगतिशील किसान बलराम दादी ने बताया कि अब किसानों का अरहर की खेती से मोह भंग हो गया है। किसान गेहूं की खेती की तरफ ज्यादा ध्यान दे रहे है।

दैवीय आपदा से हर साल दलहनी फसलों को लगता है झटका

हमीरपुर जिले के प्रगतिशील किसान बलराम दादी व ओमप्रकाश व चन्द्रपाल ने बताया कि हर साल खरीफ की फसलें दैवीय आपदा की भेंट चढ़ जाती है। बेमौसम बारिश होने से दलहनी फसलों को बड़ा नुकसान होता है।

इसीलिए किसान अब गेहूं की फसलों की तरफ ज्यादा रुचि ले रहे हैं।

किसानों का कहना है कि इस बार बेमौसम मूसलाधार बारिश ने बुंदेलखंड क्षेत्र में तिल समेत दलहनी फसलों को तगड़ा झटका दिया है जिससे बड़ी संख्या में किसान मायूस हैं।

# आज मेला पंडाल में संगीत सम्मेलन का आयोजन

हाथरस। रॉयल रिच रेस्टोरेंट अलीगढ़ रोड हाथरस पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें जिसमें मुंबई व हरियाणा के कलाकार मेले में आ कर धूम मचाएंगे जिसमें बॉलीवुड एक्टर बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं संयोजक की जनता से अपील है



कार्यक्रम के संयोजक सौरभ शर्मा ने बताया कि 27 सितंबर 2024 को दाऊजी महाराज के मेला पंडाल में संगीत सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है कृति वर्मा, यू .के. हरियाणवी, कुलदीप कौशिक (के. डी.), सोनिका सिंह, राज मावर, आदि कलाकार आएंगे आयोजन के लिए प्रशासन ने भारी पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखें और संगीत सम्मेलन का भरपूर आनंद लें प्रेस वार्ता में संयोजक और उनके साथीगढ़ और पत्रकार बंधू उपस्थित रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल संचालन में छह पर एफआईआर दर्ज

मुरादाबाद, 26 सितम्बर (हि.स.)। जिले के थाना कांठ क्षेत्र में फर्जी ढंग से अस्पताल चलाने और बिना डिग्री के इलाज करने के मामले में थाना पुलिस ने गुरुवार को नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

19 सितंबर को उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र और ठाकुरद्वारा सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने काठ में केजीएन अस्पताल का निरीक्षण किया था।

यहां मौके पर पाया गया था कि अस्पताल संचालक डॉ. रिहान और उसके साथी डॉ. तौफीक और डॉ. अफीक रोगियों का इलाज कर रहे थे। उनके व मौजूदा स्टाफ के पास कोई डिग्री नहीं थी और न ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अस्पताल का कोई पंजीकरण था। नोडल अधिकारी ने फर्जी अस्पताल को सील कर दिया था।

## छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा

**दोनों आरोपियों पर सात-सात हजार रुपए का लगा जुमार्ना**

लखीमपुर खीरी, 26 सितंबर (हि.स.)। छेड़छाड़ के एक मामले में पाक्सो एक्ट में दोषी पाए जाने पर न्यायालय द्वारा दो अभियुक्तों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास व सात-सात हजार रुपए के जमाने की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजन पाक्सो कोर्ट के अधिवक्ता बृजेश कुमार पांडे ने गुरुवार को बताया कि निघासन थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुकदमा अपराध संख्या 125/2015 धारा 7/8 पाक्सो की सुनवाई के दौरान पीड़िता सहित 6 अन्य गवाहों, जिनमें महिला कांस्टेबल और विवेचन भी शामिल हैं

की गवाही व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बलराम सिंह व मनोज सिंह को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोनों दोषियों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास के साथ-साथ 7000-7000 हजार रुपए के जुमार्ने की सजा भी सुनाई है। न्यायाधीश राहुल सिंह प्रथम द्वारा प्रतिकार के रूप में पीड़िता को 10 हजार दिए जाने का आदेश भी किया गया है।

## छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा

**दोनों आरोपियों पर सात-सात हजार रुपए का लगा जुमार्ना**

लखीमपुर खीरी, 26 सितंबर (हि.स.)। छेड़छाड़ के एक मामले में पाक्सो एक्ट में दोषी पाए जाने पर न्यायालय द्वारा दो अभियुक्तों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास व सात-सात हजार रुपए के जमाने की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजन पाक्सो कोर्ट के अधिवक्ता बृजेश कुमार पांडे ने गुरुवार को बताया कि निघासन थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुकदमा अपराध संख्या 125/2015 धारा 7/8 पाक्सो की सुनवाई के दौरान पीड़िता सहित 6 अन्य गवाहों, जिनमें महिला कांस्टेबल और विवेचन भी शामिल हैं की गवाही व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बलराम सिंह व मनोज सिंह को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोनों दोषियों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास के साथ-साथ 7000-7000 हजार रुपए के जुमार्ने की सजा भी सुनाई है।

न्यायाधीश राहुल सिंह प्रथम द्वारा प्रतिकार के रूप में पीड़िता को 10 हजार दिए जाने का आदेश भी किया गया है।

## विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य दिवस पर सासनी विज्ञान क्लब ने की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

सासनी-26 सितंबर। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरमेंटल हेल्थ के मार्गदर्शन में सासनी विज्ञान क्लब ने संविलियन विद्यालय समामई में विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य दिवस मनाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रूद्रदत्त शर्मा ने की एवं संचालन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने किया।

गुरूवार को अयोजित कार्रक्रम में डॉ पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि हम वर्ष 2011 से विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य दिवस मनाते आ रहे हैं

जिसका उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। सर्वप्रथम ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि मलेशिया से रिक्सन नायर रहे एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षिका मेलिना चैहान उत्तर प्रदेश एवं चिलुवेरु माहा तेलंगाना रहे। अंत में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजयी प्रतिभागीयों सलमान, कुलदीप, अरबाज, रिषभ मिश्रा एवं रोशनी को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वही ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भूपेंद्र सिंह अमरोहा, हरिमोहन गुप्ता हमीरपुर, राम जी शर्मा व निशा सक्सेना इटावा, सरिका गुप्ता मध्य प्रदेश, जयशक्ति बालाजी तमिलनाडु, मिथुन कुमार सिन्हा बिहार, डॉ बृजेश बरनवाल झारखंड, चंद्र प्रकाश राजस्थान, मोहम्मद कैफ दिल्ली, महेंद्र मेश्राम छत्तीसगढ़, सुर्जन कामारेड्डी तेलंगाना आदि प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पांच सौ से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग डॉ सतना का रहा।

## जौं एहिं खल नित करब अहारू। होइहि सब उजारि संसारू।।

सासनी-26 सितंबर। आदर्श श्री रामलीला एवं श्री कृष्ण लीला मंडल द्वारा पवन देव व्यास के निर्देशन में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के दौरान भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन करते हुए श्री रामलीला कलाकारों द्वारा गुरूवार को नारद मोह, रावण दिग्विजय, आकाशवाणी,रावण, कुंभकरण, विभीषण द्वारा बृह्मा जी की तपस्या, वरदान, लीला का सुंदर मंचन हुआ।

श्रीरामलीला मंचन में नारद मुनि भगवान विष्णु के पास जाकर विश्वमोहिनी के स्वयंवर के लिए श्री हरि के मुख की कामना करते हैं। भगवान विष्णु नारद मुनि के अंदर मोह की भावना देखते हैं और उन्हें एक वानर का मुख दे देते हैं। विश्वमोहिनी के स्वयंवर में उनका बहुत उपहास होता है। वे क्रोध के अभिभूत हो भगवान विष्णु को श्राप दे देते हैं। उधर रामायण में रावण, विभीषण और कुंभकर्ण तीनों भाई ब्रह्माजी को प्रसन्न करने के लिए तपस्या कर रहे थे। तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए। रावण को वर देने के बाद कुंभकर्ण को देखकर ब्रह्माजी चिंतित हो गए। ब्रह्माजी की चिंता का कारण ये था कि अगर कुंभकर्ण हर रोज भरपेट भोजन करेगा तो जल्दी ही पूरी सृष्टि नष्ट हो जाएगी। इस कारण ब्रह्माजी ने सरस्वती के द्वारा कुंभकर्ण की बुद्धि भ्रमित कर दी। कुंभकर्ण ने मतिभ्रम के कारण 6 माह तक सोते रहने का वरदान मांग लिया। श्री रामलीला मंचन के दौरान व्यास पवनदेव, आचार्य पं. अशोक कुमार शर्मा, उपाचार्य पं. संजय शर्मा, सहआचार्य पं. शैलेश शर्मा, लीलाधर शर्मा, क्रमल कुमार वार्ष्णेय, पंडित प्रकाश चंद शर्मा, डॉक्टर लोकेश शर्मा, लीलाधर शर्मा, रामनिवास शर्मा, जयप्रकाश महेश्वरी, महिपाल सिंह, सुधीर अग्रवाल, सुनील वार्ष्णेय, प्रदीप गुप्ता, निर्देश वार्ष्णेय, बृजेश कुमार शर्मा, प्रमोद गर्ग, आदि मौजूद थे। सुरक्षा की कमान प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह मयफोर्स के संभाले हुए थे।

# शादी के लिए पिता को ईंट से कूंच डाला

गोरखपुर, 26 सितंबर (हि.स.)' पिपराइच में हरखापुर गांव में बुधवार की रात करीब 12 बजे सत्यप्रकाश तिवारी उर्फ सकरम और उसके बेटे कन्हैया तिवारी के बीच झगड़ा हुआ। सत्यप्रकाश तिवारी ने पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी की थी। कन्हैया पहली पत्नी का बेटा है। वहीं उसकी सौतेली मां शादी के कुछ साल बाद घर छोड़कर चली गई थी।

पड़ोसियों के मुताबिक, कन्हैया शराब का लती है। वह हर रोज शराब पीकर अपने पिता को इसी बात के लिए कोसता था। साथ ही खुद की शादी कराने की मांग करता था। इससे आहत होकर अक्सर सत्यप्रकाश गांव के मंदिर में रात गुजारते थे। वहीं भोजन-पानी भी करते थे।पड़ोसियों के मुताबिक, सत्यप्रकाश तिवारी और कन्हैया के अलावा घर में कोई नहीं रहता था। देर रात कन्हैया शराब पीकर आया था और फिर उसने झगड़ा करना शुरू कर दिया। इस बार उसने फांसी का फंदा बनाया और सुसाइड करने की कोशिश करने लगा। पिता सत्यप्रकाश तिवारी ने उसे कसम-वादे देकर रोकने की कोशिश की।

इसके बाद उसने अपने पिता को पीटना शुरू कर दिया। वहीं पास पड़ी ईंट उठाकर उसने पिता के सिर पर मारनी शुरू कर दी। गाली देते हुए उसने कम से कम 20 बार चेहरे और सिर पर ईंट से हमला किया। फिर मौके से भाग निकला।

एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी बेटे की तलाश की जा रही है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा सत्यप्रकाश को लेकर हम पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। इसके बाद मेडिकल कॉलेज लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है।

# शेयर बाजार में निवेश की वसूली के लिए एफआईआर दर्ज करना गलत : हाईकोर्ट

प्रयागराज, 26 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि शेयर बाजार के अपने जोखिम हैं और निवेश की वसूली के लिए शेयर ब्रोकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना उचित नहीं है। न्यायालय ने एक लाइसेंसधारी शेयर दलाल एवं प्रतिभूति कम्पनी के निदेशक मालिक के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया।

याची जितेन्द्र कुमार केसरवानी के खिलाफ इक्विटी शेयर लेन-देन विवाद के सम्बंध में आईपीसी की धारा 420 और 409 के तहत प्राथमिकी थाना हरिपर्वत, आगरा में दर्ज की गई थी।

न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की एकल पीठ ने कहा कि आवेदक यहां एक शेयर ब्रोकर था और विरोधी पक्ष शेयरों में निवेश के परिणामों से पूरी तरह परिचित था। इस तरह के निवेश के जोखिम से अवगत होने के कारण उसने आवेदक के माध्यम से निवेश किया था। पक्षों के बीच कुछ लेखा विवाद है, जिसके लिए तत्काल एफआईआर दर्ज की गई। उसमें राशि की वसूली की मांग की गई है, जो आपराधिक कार्रवाई द्वारा स्वीकार्य नहीं है।

आवेदक ने सीआरपीसी की धारा 482 के तहत हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर आरोप पत्र और आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग की। जिसमें तर्क दिया गया कि एफआईआर में धारा 420 और 409 आईपीसी के कोई तत्व नहीं है। आवेदक ने प्रस्तुत किया कि पक्षों के बीच विवाद एक व्यापारिक लेन-देन से सम्बंधित था। इसलिए यह मामला भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) अधिनियम, 1992 के दायरे में आता है।

हाईकोर्ट ने ललित चतुर्वेदी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के निर्णय का हवाला दिया, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि वित्तीय लेन-देन पर विवाद आपराधिक कार्यवाही का आधार नहीं हो सकता है।

हाईकोर्ट ने कहा ह्लएक ही आरोप के आधार पर किसी व्यक्ति को धारा 409 आईपीसी के साथ-साथ धारा 420 आईपीसी के तहत अपराध के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। क्योंकि दोनों अपराध विरोधाभासी हैं। हाईकोर्ट ने कहा, ह्लसेबी अधिनियम एक विशेष अधिनियम है, जो आईपीसी या सीआरपीसी जैसे सामान्य अधिनियम पर प्रभावी होगा।

# लूटी गई बैगनार सहित पुलिस मुठभेड में तीन बदमाश गिरफ्तार

**पुलिस ने मात्र चैबीस घंटे में बदमाशों से मुठभेड कर की सफलता हासिल**

हाथरस।सासनी कोतवाली पुलिस ने पुलिस कप्तान निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार तथा एएसपी अशोक कुमार सिंह एवं सीओ रामप्रवेश राय के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधी धडपकड एवं अपराध नियंत्रण अभियान के दौरान चौबीस घंटे



पूर्व स्कार्पियो सवार बदमाशों द्वारा लूटी गई बैगनार सहित बदमाशो से हुई मुठभेड के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में पंजीकृत अभियोग के आधार पर जेल भेजा है।

गुरूवार को एएसपी अशोक कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि दिनांक चैबीस सितंबर की को मोहित कुमार पुत्र मदन सिंह त्यागी निवासी किसौली स्याना जिला बुलंदशहर ने कोतवाली सासनी में तहरीर दी थी कि वह दिनांक तेईस सितंबर को अपनी वैगनार कार (यूपी13 बीएक्स 0902) से ऑफिस के काम से आगरा गया था। काम समाप्त करने के बाद वापस आते समय सासनी के ग्राम साठिया के निकट एक सफेद स्कॉर्पियो गाडी सवार लोगों ने अपनी गाडी उसकी गाडी के सामने लगा दी और उसके साथ मारपीट की व तमंचा दिखाते हुए ड्राइवर सीट पर बैठकर गाडी चलाते हुए ले गये। हनुमान चैकी से विजयगढ थाना क्षेत्र से करीब 15 किमी ग्राम दिहोली के जंगल में छोडकर उसकी बैगनार कार, लेपटॉप, मोबाइल व नगदी लूटकर भाग गये। सूचना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, तब उच्चाधिकारियों ने एक टीम का गठन किया और एसओजी टीम को भी इसकी सूचना दी। सूचना पर गठित टीम और एसओजी टीम सक्रिय होते हुए मुखबिरों को जाल बिछा दिया। पच्चीस सितंबर की देर रात मुखबिर से सूचना मिली सासनी-मडराक रोड स्थित गांव द्वारिकापुर के निकट लूटी गई बैगनार एवं स्कार्पियो सहित बदमाश किसी अन्य घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मुखबिर के बताए स्थान पर प्रस्थान किया। पुलिस जीप देखकर बदमाशों ने पुलिस के ऊपर जानलेवा फायर झोंक दिया।

जिससे पुलिस टीम के जवान बाल-बाल बचे तब पुलिस ने भी जबावी कार्रवाई में फायरिंग की तो दो बदमशों को गोली लगी और घायल हो गये। पुलिस ने तीसरे बदमाश को अवश्यक बल प्रयोग कर दबोच लिया और तीनों को कोतवाली ले आई। जहां घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मुठभेड में दो बदमाश घायल हुए जब कि पुलिस द्वारा कांबिंग के दौरान बदमाशों के तीसरे साथी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से दो अवैध तमंचा व दो खोखा कारतूस व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं घटना में प्रयुक्त 01 स्कॉर्पियो गाडी एवं अभियुक्त मिंटू की निशादेही से लूटी हुई वैगनार कार बरामद की है। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कोतवाली में दर्ज अभियोग के आधार पर बदमाशों को जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि पकडे गये बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं तथा पूछताछ में पूर्व मे भी जेल जाना इकबाल किया है।

पूछताछ में बदमशों ने पुलिस को अपने नाम व पता आकाश तोमर पुत्र पप्पू निवासी जिला अलीगढ, सुरेश व मिन्टू पुत्रगण सत्यवीर निवासीगण पला साहिबाबाद थाना सासनी गेट जनपद अलीगढ बताए हैं। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह, गिरीश चंद्र गौतम प्रभारी निरीक्षक एसओजी मय टीम के मौजूद थे।

# कृतार्थ की हत्या के खुलासे की मांग को लेकर परिजन पहुंचे पुलिस अधीक्षक कार्यालय

## पुलिस अधीक्षक ने परिजनों को हत्या के जल्द खुलासे का दिया आश्वासन

हाथरस। जनपद के कस्बा के गांव में छात्र कृतार्थ की हत्या के खुलासे की मांग को लेकर परिजन गुरुवार को ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए। और हत्याकांड के हॉस्टल में रहकर पढ़ता था। बीते सोमवार उसके परिवार लोगो को स्कूल के प्रबंधक दिनेश बघेल ने सूचना दी की कृतार्थ की तबियत खराब है। सूचना पर परिजन स्कूल पहुंचे तो कृतार्थ साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए। जिसमे काफी महिलाएं भी शामिल थी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर यह लोग पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाह, हर्षकांत कुशवाह



खुलासे की मांग करने लगे। जिसमे काफी महिलाए भी शामिल थी। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने इन्हे आश्वासन दिया की इस हत्याकांड का जल्द से जल्द खुलासा किया जायेगा आपको अवगत करा दे की जनपद के कस्बा सादाबाद के गांव सहपऊ के रसगवा के डीएल पब्लिक स्कूल आवासीय विद्यालय में कक्षा दो के छात्र 11 वर्षीय कृतार्थ पुत्र श्री कृष्ण निवासी चुरसेन थाना चदपा मौके पर नहीं मिला। थोड़ी देर बाद इन लोगो ने सादाबाद के निकट दिनेश बघेल को उसकी गाड़ी सहित पकड़ लिया। गाड़ी में कृतार्थ का शव था। मृतक के शव को पुलिस ने वही से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बच्चा के पिता ने दिनेश बघेल सहित पांच लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे चार लोग अज्ञात है। गुरुवार को मृतक छात्र कृतार्थ के परिजन दर्जनों ग्रामीणों के रजनीश कुशवाहा टेकपाल कुशवाहा आदि की अगुवाई में पहुंचे। मृतक छात्र के परिजनों की मांग थी इस घटना का जल्द राजफास किया जाए वह हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने लोगों को आश्वासन दिया की हत्या का जल्द खुलासा किया जाएगा, दोषी को बक्शा नहीं जायेगा अधिकारियों के आश्वासन पर यह लोग वहा से वापस लौट गए।

# खेलों से होता है मनुष्य का सर्वांगीण विकास -अंजय जैन

सासनी-26 सितंबर। हमारे जीवन में खेलों का भी बडा योगदान है, खेलों से जहां मनुष्य के स्वास्थ्य को लेकर बात की जाती है वहीं खेलकूद से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। वहीं खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभागी विजयी होते हुए अपने माता पिता और गुरूजनों के साथ अपने देश और समाज को भी गौरवान्वित करता है। हमारे देश में तमाम ऐसे खिलाडी हैं जो अतर्राष्ट्रीय देखों मे परचम लहराकर आए है।

यह बिचार केएल जैन इंटर कालेज में तहसील स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का मां सरस्वती के छबिचित्र के सामने दीप जलाकर पुष्पहार अर्पित कर उद्घाटन करते हुए विद्यालय उपप्रबंधक अंजय कुमार जैन एवं राजकीय हाईस्कूल मुहरिया के प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने संयुक्त रूप से प्रकट किए। सौ मीटर सीनियर वर्ग दौड में प्रथम स्थान पर के एल जैन इंटर कॉलेज के नरेंद्र सिंह द्वितीय स्थान पर आशीष कुमार रहे। वहीं 200 मीटर सीनियर वर्ग दौड़ में लवकुश इंटर कॉलेज ततारपुर के अरुण कुमार प्रथम नरेंद्र सिंह द्वितीय स्थान पर रहें गोला फैंक सीनियर वर्ग में केएल जैन इंटर कॉलेज सासनी के विजय कुमार प्रथम लवकुश इंटर कॉलेज के पंकज कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। एसबीएस इंटर कॉलेज खतौली 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर अनिल कुमार केएल जैन इंटर कॉलेज तनिश कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। लव कुश इंटर कॉलेज ततारपुर दो सौ मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में प्रश्न प्रताप सिंह प्रथम स्थान तथा के एल जैन कॉलेज सासनी के सोहेल द्वितीय स्थान रहे। केएल जैन इंटर कॉलेज सासनी से गोला फेक जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रशांत द्वितीय स्थान पर रोहित कुमार कुशवाहा ने बाजी मारी। केएल जैन इंटर कॉलेज से चार सौ मीटर दौड़ सब जूनियर वर्ग में बिशनजीत शर्मा प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा भुवनेश चैधरी दूसरे स्थान पर कब्जा किया।

इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक प्रधानाचार्य डॉ दीपक जैन, एवं संयोजक प्रधानाचार्य डॉ राजीव अग्रवाल, तथा विपुल लुहाड्यिा, डॉक्टर पंकज कुमार जैन, धर्मेंद्र पाल सिंह यदुवंशी, भानु प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह, शोभित जैन, मनोज दीक्षित, सर्विस जैन, सतीश कुमार, रामदेव मिश्र, ओपी वर्मा, मनोज दुबे, राहुल दुबे, दीपक शर्मा, सुरेश चंद, दुष्यंत देशवाल, तहसील प्रभारी विकास कुमार देवेंद्र शास्त्री, आशीष भार्गव, मनोज जैन, अर्चना राजपूत, संजय जैन द्वितीय, अंकुर जैन, अंबुज जैन, राज किशोर शर्मा, अभिषेक, रीमा सहायक अध्यापक दरकौली ने आदमी का विशेष योगदान रहा।

# मांगों को लेकर गरजे बैंक कर्मचारी

हाथरस।बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधन के द्वारा समुचित स्टाफ भर्ती न करने और नियमों का उल्लंघन करते हुए स्टाफ के ट्रांसफर करने के विरोध में यू.पी. बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के के जिला मंत्री यतेश गर्ग ने विस्तृत रूप से बताया कि बैंक ऑफ इंडिया का प्रबंधन अपनी मनमानी करने पर तुला हुआ है, सेवा शर्तों का उल्लंघन करते हुए स्टाफ के मनमाने ट्रांसफर किये इंडिया के कर्मचारी लगातार आंदोलनरत हैं और इसी क्रम में बैंक ऑफ इंडिया अवार्ड स्टाफ द्वारा 30 सितम्बर 2024 व 1 अक्टूबर 2024 को हड़ताल का भी कॉल रखा गया है। प्रदर्शन




तत्वावधान में सभी बैंको के कर्मचारियों ने फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया के आह्वान पर बैंक ऑफ इंडिया अलीगढ़ रोड हाथरस पर कर्मचारियों ने काफी संख्या में एकजुट होकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए यू.पी.बी.ई.यू जा रहे हैं। इसके अलावा सभी शाखाओं में स्टाफ प्रतिदिन कम होता जा रहा है और काम का प्रेशर लगातार बढ़ता जा रहा है, जहां स्टाफ की बहुत आवश्यकता होने पर भी अवार्ड स्टाफ की भर्ती नही आई जा रही है।

इसी के चलते बैंक ऑफ को सफल बनाने मे रीता सिंह, राजा कुमार, अमन शर्मा, पुष्पांकर जैन, राजेंद्र कुमार,रमाकांत, नरेंद्र तोमर, अजय कुमार, ऋषभ मित्तल, नरेंद्र, अमर सिंह, अश्विनी कुमार, दीपकुमार, डी. सी. गुप्ता, सुशील कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# तीन आयु वर्ग 14 ,17 व 19 बालक /बालिकाओं के लिए प्रतियोगिताआयोजित

मथुरा 26 सितंबर 2024 को चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 23 सितंबर 2024 को किया गया था। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रवींद्र सिंह के निर्देशन में प्रदेश के विभिन्न 18 मंडल एवं गोरखपुर स्पोर्ट्स कालेज तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय सहित 20 टीमों ने प्रतिभा किया।

यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग 14 ,17 व 19 बालक /बालिकाओं के लिए आयोजित की गई, इस प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 700 जूडो खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया तथा उनके साथ लगभग 200 की संख्या में कोच मैनेजर तथा निर्णायक उपस्थित रहे

इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉक्टर राकेश माहेश्वरी प्रधानाचार्य चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज एवं डॉक्टर शालिनी अग्रवाल

प्रधानाचार्य किशोरी रमन गर्ल्स इंटर कॉलेज रही

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक गोवर्धन सभा क्षेत्र श्रीमान

मेघश्याम सिंह जी रहे उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डायट मथुरा के प्राचार्य श्री राजेंद्र बाबू जी रहे विशिष्ट स्थिति के रूप में ही श्री किशन चतुर्वेदी जी जनसंपर्क अधिकारी संस्कृति यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गो के परिणाम निम्नवत रहे

*14* *वर्षीय* *आयु* *वर्ग* *बालक*में

25 किलोग्राम में शाहरुख

-30 किलोग्राम में प्रखर मोहन 35 किलोग्राम में भास्कर

40 किलोग्राम में शिवम

45 किलोग्राम में रितिक

50 किलोग्राम में तनिष्क कश्यप तथा प्लस 50 किलोग्राम में सूरज विजेता रहे

*14* *वर्षीय* *बालिका* *वर्ग* में 30 किलोग्राम में प्रियांशी

27 किलोग्राम में सिमरन

32 किलोग्राम में सृष्टि चौहान

36 किलोग्राम में जोया

40 किलोग्राम में हिमाद्री गोला 44 किलोग्राम में गुरजीत तथा प्लस 44 किलोग्राम में प्रतिज्ञा विजेता रही

*17* *वर्षीय* *बालक* *वर्ग*में

40 किलोग्राम में मोहम्मद सागीर

45 गुरुग्राम में प्रिंस

50 किलोग्राम में चिंटू

55 किलोग्राम में पारस कश्यप 60 किलोग्राम में सूरज यादव

66 किलोग्राम में सनी यादव

73 किलोग्राम में रंजीत यादव 81 किलोग्राम में हर्ष सिंह

90 किलोग्राम में अंशु यादव प्लस 90 किलोग्राम में नोमन विजेता रहे।

*17* *वर्षीय* *बालिका* *वर्ग*में

36 किलोग्राम में आसमां

40 किलोग्राम में मानवी

44 किलोग्राम में सोनाली भारद्वाज

48 किलोग्राम में शिवांगी

52 किलोग्राम में खुशनुमा

57 किलोग्राम में लगन

63 किलोग्राम में खुशी

70 किलोग्राम में शीतल राठी प्लस 70 किलोग्राम में पलक विजेता रही।

*19* *वर्षीय* *बालक* *वर्ग*में

40 किलोग्राम ग्राम में समर

45 ग्राम में हार्दिक

50 किलोग्राम में अविरल

55 किलोग्राम में अभिषेक

60 किलोग्राम में अनमोल

66 किलोग्राम में ब्रह्म सिंह यादव 73 किलोग्राम में प्रिंस

81 किलोग्राम में प्रमोद ठाकुर 90 किलोग्राम में विपिन प्लस 90 किलोग्राम में ऋतिक विजेता रहे

इसी प्रकार *19* *वर्षीय* *बालिका* *वर्ग*में

36 किलोग्राम में संध्या

40 गुड़गांव में सोनिया

44 किलोग्राम में शगुन

48 किलोग्राम में सृष्टि

52 किलोग्राम में शिखा

57 किलोग्राम में अंशिका

63 किलोग्राम में प्रीति यादव 70 किलोग्राम में शिल्पा व प्लस 70 में सलोनी विजेता रही।

आयु वर्ग के अनुसार परिणाम निम्नवत रहे

*14* *वर्षीय* *बालिका* वर्ग में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर विजेता

*17* *वर्षीय* *बालिका* *वर्ग*में मेरठ मंडल विजेता

*19* *वर्षीय* *बालिका* वर्ग में भी मेरठ मंडल विजेता रहा

इसी प्रकार *बालक* *वर्ग* में

*14* *वर्षीय* *बालकों*में मेरठ मंडल विजेता

*17* *वर्षीय* *बालक* *वर्ग* में सहारनपुर मंडल विजेता तथा

*19* *वर्षीय* *बालक*वर्ग में मेरठ मंडल विजेता रहा।

*ओवरऑल* *चैंपियनशिप*में *बालिका*वर्ग में *मेरठ* *मंडल* *विजेता* रहा तथा सहारनपुर मंडल उपविजेता रहा इसी प्रकार *बालक* *वर्ग* में *मेरठ* *मंडल* *विजेता*तथा *सहारनपुर* *मंडल* *उपविजेता* रहा समापन कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर जनपद के विभिन्न शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं विभिन्न मंडल से आए हुए कोच मैनेजर का भी सम्मान आयोजन समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में आयोजनों द्वारा सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया

इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर मनवीर सिंह डॉ दिनेश सिंह राणा श्री रंजन सिंह सोलंकी श्री पुष्पेंद्र सिंह श्री चंद्रमा यादव श्रीमती कविता सक्सेना श्रीमती अलका तिवारी श्रीमती प्रियंका श्रीमती अलका डॉक्टर अलका गोस्वामी श्री चित्रा सिंह श्री सुरेश चंद्र तोमर श्री कमल गोड आदि लोगों उपस्थित रहे।

पूरे कार्यक्रम में डॉ पदम सिंह कौंतेय जिला क्रीड़ा सचिव , श्री सर्वेश सोलंकी , श्री डी के सिंह,श्रीमती ममता, श्री अमित गौतम, श्री राकेश साहू, श्री आशीष शर्मा, श्री विनोद पाल, श्री रवि प्रकाश, श्री जयप्रकाश, श्री बलभद्र आदि द्वारा निर्णायक की भूमिका वा तकनीकी रूप से खेल के लिए आवश्यक रजिस्ट्रेशन पात्रता की जांच आदि कार्य संपन्न कराए गए।

# प्राकृतिक तरीकों से पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट

मथुरा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय मथुरा में राष्ट्रीय पशुधन उत्पाद तकनीकी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन ।

उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय संस्थान एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा में पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट एवं स्वच्छ प्राकृतिक तरीकों से पशुधन उत्पादों, मुख्य रूप से उच्च गुणवत्ता एवं स्वच्छ मांस उत्पादन हेतु, तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 26 से 28 सितंबर 2024 को किया जा रहा है। राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन दिनांक 26 सितंबर 2024 को विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया गया। जिसमें देश के 200 से अधिक पशुधन उत्पाद तकनीकियों के वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता, विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने की । अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि मानव शरीर के स्वास्थ्य हेतु विभिन्न प्रकार के पोषक तत्व जैसे काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, मिनरल्स आदि प्रचुर मात्रा में आवश्यक होते हैं। पशुओं के उत्पादों से उच्च कोटि का प्रोटीन तथा विभिन्न प्रकार की पोषक तत्व प्राप्त किए जाते हैं ।जिसमें दूध, दही, मांस, अंडा प्रमुख हैं। हमारे देश में मांस उत्पादन तथा प्रसंस्करण, स्वच्छ तथा सुचारू रूप से व्यावसायिक तरीके से किया जाना अत्यंत आवश्यक है । जिससे उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक मांस उपलब्ध हो सके । उन्होंने संगोष्ठी में पधारे समस्त वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों से आह्वान किया कि स्वच्छ तथा स्वास्थ्यवर्धक मांस उत्पादन में अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें ।इसके साथ-साथ स्वस्थ पशु की उत्पादकता तथा विभिन्न प्रकार की जूनोटिक बीमारियों के बारे में विशेष ध्यान रखते हुए, हमें पशुधन उत्पादों को उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराना चाहिए। जिससे हम स्वस्थ मनुष्य तथा स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकें ।राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि, प्रोफेसर मंदीप शर्मा, कुलपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश ने अपने उद्बोधन में बताया कि पशुधन के विभिन्न उत्पाद जैसे दूध, दही, घी, मक्खन, अंडा, मांस आदि का उत्पादन एवं प्रसंस्करण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिससे कि उपभोक्ताओं को स्वच्छ तथा स्वास्थ्यवर्धक पशुधन उत्पाद प्राप्त हो सके । इस अवसर पर केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, मथुरा के निर्देशक, डॉ. एम.के. चेटली ने पशुधन उत्पाद की उपयोगिता तथा उसके महत्व के बारे में जानकारी दी।

विशिष्ट अतिथि, डॉ. एस. के. बारबुधे, निर्देशक, राष्ट्रीय मांस अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने बताया कि पशुधन उत्पाद में प्रसंस्कृत मांस की विदेशों में अच्छी मांग है, जिनको एक्सपोर्ट कर अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष, प्रोफेसर विकास पाठक, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की ।

उन्होंने बताया कि पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी, यदि अच्छी तरह से किया जाए, तो यह पशुपालकों के लिए व्यवसाय का एक नया आयाम बन सकता है। इस अवसर पर डॉ. पी.के. मंडल, अध्यक्ष तथा डॉ. मुथ्थु कुमार एम. सचिव ने संगठन की स्थापना, कार्यशैली तथा उपयोगिता के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, प्रोफेसर रश्मि सिंह, अधिष्ठाता, डेरी विज्ञान महाविद्यालय; प्रोफेसर नित्यानंद पांडे, अधिष्ठाता, मत्स्यिकी महाविद्यालय; प्रोफेसर अर्चना पाठक, अधिष्ठाता, परास्नातक; प्रोफेसर विनोद कुमार, निदेशक, शोध; प्रोफेसर पी.के. शुक्ला; प्रोफेसर आर.पी. पांडे; प्रोफेसर राम सागर; प्रोफेसर देश दीपक सिंह; प्रोफेसर अमित सिंह; प्रोफेसर दीपक शर्मा; प्रोफेसर बरखा शर्मा सहित विश्वविद्यालय के समस्त परास्नातक छात्र-छात्राएं; शिक्षक, अधिकारी तथा संगोष्ठी के प्रतिभागी उपस्थित रहे । संयोजक सचिव डॉ मीना गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# : कैलीफोर्निया के मंदिर में तोड़फोड तथा हिन्दुओं को लेकर अपमानजनक नारे मोदी सरकार की कड़ी विफलता-प्रमोद तिवारी

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार को देश की अर्थव्यवस्था और विदेश नीति के क्षेत्र में अब तक की सबसे विफल सरकार करार दिया है। उन्होंनें अमेरिका के कैलीफोर्निया के सेक्रामेटो में प्रसिद्ध स्वामी नारायण मंदिर में तोडफोड तथा इसे क्षतिग्रस्त करने की घटना को देश और विदेश में रह रहे हर भारतवासी के लिए स्तब्धकारी एवं चिंताजनक कहा है। उन्होंनें कहा कि मोदी सरकार की ढुलमुल विदेशनीति के चलते अमेरिका तथा कनाडा और ब्रिटेन तथा पडोसी बांग्लादेश में आज हिन्दू अपमानित हो रहा है। उन्होने कहा कि स्वामी नारायण मंदिर को क्षतिग्रस्त कर उपद्रवियों ने हिन्दुओं वापस जाओ के नारे लिखने के साथ खुलेआम हमारी संस्कृति पर आघात पहुंचाया है। उन्होंनें कहा कि देश के अंदर प्रसिद्ध तिरूपति मंदिर के लडडू प्रसाद में मिलावट के बाद मुम्बई के श्रीसिद्ध विनायक मंदिर के भी प्रसाद में शुद्धता को लेकर जो तथ्य सामने आयें है उससे भाजपा का हिन्दुत्व सिर्फ वोट बैंक की राजनीति को पहले ही उजागर कर गया है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल ही में अमेरिका यात्रा से वापस लौटे हैं। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह गंभीर सवाल है कि पीएम की यात्रा के ठीक बाद वहां मंदिर में तोडफोड़ तथा हिन्दुओं के मन में डर पैदा करने की असहिष्णुता की पराकाष्ठा सामने आयी है। उन्होनें कहा कि देश जानना चाहेगा कि प्रधानमंत्री इस घटना के साथ बांग्लादेश में हुए हिन्दुओं पर अत्याचार तथा हिन्दु मंदिरों में तोडफोड़ को लेकर आखिर चुप क्यों हैं। उन्होनें कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार की आग अभी भी सुलग रही है। वही उन्होनें कहा कि कैलीफोर्निया में घटित घटना से विदेश की धरती पर मोदी सरकार की खामोशी के कारण भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिन्तित हालात बन गये हैं। उन्होनें कहा कि कनाडा और ब्रिटेन तथा यूरोप के कई देशों में इसके पहले भी हिन्दू मंदिरों और हिन्दुओं पर अत्याचार की असहनीय स्थिति देखी गयी। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री को देश की जनता के सामने यह जबाबदेही स्वीकार करनी चाहिए कि आखिर विदेश की धरती पर हिन्दू असुरक्षित क्यों है। उन्होनें कहा कि इस प्रकार की घटना से साफ तस्वीर सामने है कि मोदी सरकार विदेश नीति के साथ भारतीय हितों को साधने में कूटनीति के क्षेत्र में भी अपरिपक्वता का प्रदर्शन कर रही है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में मोदी राज में देश डॉलर के मुकाबले रुपए के अवमूल्यन के चलते अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रचार के सफल अभियान के बाद गुरूवार से हरियाणा के लिए शुरू हुए पांच दिवसीय दौरे को लेकर यहां कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी अगले पांच दिनों तक हरियाणा में पार्टी की चुनावी फिजा को धार देंगे।

# राज्य मंत्री ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

फि रोजाबाद डा० देवेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार




संरक्षण आयोग द्वारा दिनांक 25 सितम्बर 2024 को प्रातः 10.30 बजे प्रा०वि० दोंकेली विकास खण्ड फिरोजाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय लालती प्र०अ० एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित पाया गया। मा० अध्यक्ष के द्वारा बच्चों से गणित एवं विज्ञान आदि से सम्बन्धित प्रश्नों की जानकारी की गई। बच्चों के द्वारा भली भाँति उत्तर दिये जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। उक्त विद्यालय के परिसर में ही ऑगनवाड़ी के बच्चों का अन्न प्राशन कार्यक्रम भी रखा गया था। उक्त विद्यालय के उपरान्त के०जी०बी०वी० नगर क्षेत्र फिरोजाबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय समस्त स्टॉफ उपस्थित पाया गया। पंजीकृत 100 बालिकाओं के सापेक्ष 82 बालिकायें उपस्थित पाई गई एवं 05 बालिकायें जनपद में नशा मुक्ति थीम प्रतियोगिता में प्रथम आने पर राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु वार्डन के साथ गई है।

अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बालिकाओं से विभिन्न प्रश्न यथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का नाम एवं जिला समन्वयक का नाम एवं सामान्य जानकारी की गई। जिला समन्वयक के भ्रमण आदि करने की जानकारी भी की गई। समस्त बालिकाओं के द्वारा प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया। अध्यक्ष द्वारा बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त के उपरान्त बालिकाओं से खाने की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी की गई। समस्त बालिकाओं के द्वारा उच्च गुणवत्ता का भोजन दिये जाने, नियमित रूप से दूध एवं बॉर्नवीटा दिये जाने से अवगत कराया गया।

अध्यक्ष द्वारा बालिकाओं हेतु निर्मित कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया गया। समस्त कम्प्यूटर क्रियाशील पाये जाने इन्टरनेट की व्यवस्था उपलब्ध होने पर संतोष व्यक्त किया गया। बालिकाओं को नियमित रूप से शिक्षण कार्य करने तथा किसी पद पर चयनित होने हेतु प्रोत्साहित किया गया। के०जी०बी०वी० विद्यालय में शिक्षिकाओं को भी समय से उपस्थित रहकर बालिकाओं को शिक्षण कार्य कराने, बच्चों को प्रोत्साहित करने के निर्देश प्रदान किये गये। के०जी०बी०वी० विद्यालय का निरीक्षण करने के उपरान्त उ० प्रा०वि० सिविल लाईन में निर्मित खगोल विज्ञान कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष द्वारा समस्त छात्राओं को खगोल विज्ञान कक्ष के माध्यम से शिक्षण कार्य कराने, बेहतर जानकारी देने हेतु अध्यापिकाओं को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय आशीष कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा पंकज कुमार चिमनानी जिला समन्वयक बालिका शिक्षा उपस्थित रहे।

# दुकानों में तोड़फोड को लेकर पीड़ित ने दी तहरीर

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। पौराणिक शिवस्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में जमीनी विवाद को लेकर बुधवार की शाम दुकानों में तोडफोड व धमकी की घटना हुई। मामले को लेकर एक पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थानान्तर्गत पौराणिक शिवस्थली परिसर में स्थित कुछ जमीन पर दुकानदार अपनी विभिन्न वस्तुओं की दुकान संचालित करते है। इस जमीन को लेकर दो पक्ष अपना अपना हक बताते हैं।

बीती बुधवार को यहां होने वाली पैमाइश किसी कारण से नहीं हो सकी। शाम को यहां कुछ लोगों ने दुकान के सामानों में जमकर तोड़फोड करते हुए विपक्षी के साथ गालीगलौज और धमकी भी की। इस दौरान पहुंची घुइसरनाथ धाम चौकी पुलिस मूकदर्शक बनीं नजर आयी।

एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि दुकानदार पक्ष से संतोष मिश्र के द्वारा तहरीर दी गयी है। मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सैकड़ों शिक्षक, कर्मचारियों ने निकाला मार्च

## नारायण इंटर कॉलेज से शिक्षक एवं कर्मचारी बाइकों से पहुंचे दबरई

### मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

शिकोहाबाद। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के आव्हान पर एनपीएस,यूपीएस के विरोध में और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर हजारों शिक्षक,




कर्मचारी जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक एवं कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार कृष्णज ने बताया कि बृहस्पतिवार को एनपीएस और यूपीएस को समाप्त करने और पुरानी पेंशन लागू करने के लिए हजारों शिक्षक,कर्मचारियों का आक्रोश मार्च (बाइक रैली) एक साथ जनपद के तिलक इंटर कॉलेज और नारायण इंटर कॉलेज से होते हुए जिला मुख्यालय पहुंचा। जिसमें जनपद के सभी शैक्षिक कर्मचारी संगठनों में मुख्य रूप से माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट,राजकीय शिक्षक संघ, यूटा,उप्र महिला शिक्षक संघ,उप्र विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ,टीचर सेल्फ केयर टीम,उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, उ प्र प्राथमिक शिक्षक संघ,बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन,सीनियर बेसिक शिक्षक संघ,माध्यमिक शिक्षक संघ,राजकीय नर्सेज संघ,दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ,फ्रंट अगेनस्ट एनपीएस इन रेलवे कर्मचारी संघ,लेखपाल संघ,कर्मचारी महासंघ के सभी पदाधिकारी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहें।

वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने भी इस बात को स्वीकार कर लिया है कि एनपीएस व्यवस्था न्यायपूर्ण नहीं है। इसलिए एक नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस लेकर आई है। लेकिन एनपीएस,यूपीएस से भी ज्यादा नुकसान दायक है। जिससे प्रदेश का कर्मचारी असंतुष्ट व चिंतित है।

पुरानी पेंशन व्यवस्था शिक्षक कर्मचारी के हित में वास्तविक रुप से सामाजिक सुरक्षा का आधार स्तम्भ है। इसलिए प्रदेश भर का शिक्षक,कर्मचारी व अधिकारी पुरानी पेंशन की मांग कर रहा है।

आक्रोश रैली में अटेवा के जिला महामंत्री डॉ. सहदेव सिंह चौहान,सविता अग्रवाल,अवधेश यादव,गौरी शंकर विंद,अमित शास्त्री,विनय यादव,शिवम उपाध्याय,मिथलेश गोला,अमित विद्यार्थी,डॉ मंजुला सिंह,जय प्रकाश,रामपाल यादव,अनुपम शर्मा,चंदन यादव,सुधीर यादव, कौशलेन्द्र कुमार उपाध्याय,सुनीता यादव,संदीप राठौर,समसुद्दीन,सुमन लता चंदेल, विकाश यादव,अंजली जादौन,सुमन पांडे,डॉ. मृदुला त्रिपाठी,सौरभ यादव,अतुल,विकास, पारुल राना,पुष्पेंद्र,मयंक शर्मा,विमल यादव,हरीश यादव,मेघा अग्रवाल,डॉ वीएन सिंह, प्रेमप्रकाश कुशवाह, सुभाष यादव, वेद प्रकाश,धर्मेन्द्र कुमार,राजकुमार,अनिल कुमार,शिव्य मैसी, जितेंद्र यादव,मुलायम सिंह,इंद्रपाल सिंह,दलवीर सिंह,सुदेश विमल,प्रीती गौतम आदि मौजूद रहे।

# रेलवे यूनियनें कल से एडीईएन के खिलाफ करेंगी धरना.प्रदर्शन

## एडीईएन और एसएसई प्रभारी द्वारा अभद्रता का मामला गरमाया

शिकोहाबाद। एडीईएन फिरोजाबाद और एसएसई प्रभारी फिरोजाबाद का रेलकर्मियों के साथ अभद्रता,जातिसूचक शब्द कहकर धमकाने का मामला



चारों तरफ फैल चुका है। इससे एडीईएन की परेशानी और बढ़ गई हैं। इस घटना को संज्ञान में लेने के बाद रेलवे की चार ट्रेड यूनियनें 28 सितंबर को एडीईएन के खिलाफ शिकोहाबाद में विशाल धरना प्रदर्शन करेंगी।

22 सितंबर को मक्खनपुर में तैनात वरिष्ठ खंड अभियंता (एसएसई) पीडब्ल्यूआई झब्बूराम मीणा तथा टैकमैन कल्याण सिंह मीणा के साथ सहायक मंडल अभियंता (एडीईएन) अंकित शुक्ला तथा एसएसई राजेन्द्र कुमार ने अभद्रता की थी। रेलकर्मियों ने इसकी पूरी जानकारी प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों तथा एससी,एसटी एसोसिएशन के जोनल सचिव को दे दी है। एसएसई मक्खनपुर ने अधिकारियों के शोषण से तंग आकर आत्महत्या की चेतावनी भी दी थी। एडीईएन और एसएसई प्रभारी फिरोजाबाद द्वारा एसएसई मक्खनपुर तथा टैकमैन के साथ की गई अभद्रता और नौकरी से बर्खास्त करवाने के षड़यंत्र का मामला रेल मंत्रालय तक पहुंच चुका है। इस घटना से रेलवे यूनियनों में एडीईएन एवं एसएसई प्रभारी फिरोजाबाद के खिलाफ गुस्सा पनप गया है। एडीईएन फिरोजाबाद और एसएसई प्रभारी के विरोध में उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ प्रयागराज के जोनल सचिव राजाराम मीणा,एससी,एसटी एसोसिएसन प्रयागराज के जोनल सचिव दिनेश कुमार,उत्तर मध्य रेलवे टैक मेन्टेनर एसोसिएशन कानपुर के अध्यक्ष आशीष पंकज तथा महामंत्री मनोज यादव एवं ओबीसी एसोसिएशन एकजुट हो गई। सभी यूनियन के सैकड़ों पदाधिकारी 28 सितंबर को शिकोहाबाद में एडीईएन के खिलाफ विशाल धरना.प्रदर्शन करेंगे। जोनल सचिव राजाराम मीणा ने बताया कि एडीईएन फिरोजाबाद लगातार हमारे साथी को धमका रहे हैं, और आत्महत्या करने पर विवश कर रहे हैं। उसे बर्खास्त करवाने का भी कुचर्क्र तैयार कराया जा रहा है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ यूनियन पीड़ित को साथ लेकर धरना प्रदर्शन करेगी। साथ ही अधिकारी के खिलाफ एससी,एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराने पर भी विचार किया जाएगा।

# कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल विस्फोट में मृतक के स्वजनों से मिला

शिकोहाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नौशहरा में हुए विस्फोट में मृतक के स्वजनों,घायलों लोगों के स्वजनों और जिन लोगों के विस्फोट के कारण मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनसे मिला। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मृतक परिजनों को दस लाख रुपये का मुआवजा और घायलों का उपचार तथा मकान बनवा कर दिये जाने की जाए।

जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने प्रशासन से यह अपील की कि तत्काल मृतकों के परिजनों को 10.10 लाख मुआवजा दिया जाए। घायल जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है उसका भुगतान शीघ्र कराया जाए। जिन ग्रामीणों के मकान जो क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनको तत्काल मकान बनवाकर दिए जाएं। जब तक उनके मकान का कार्य पूरा नहीं होता तब तक प्रशासन द्वारा उनके भोजन की व्यवस्था तथा रहने की व्यवस्था की जाए। जिससे पीड़ित परिवार के सामने जो संकट आ गया है, उससे उन्हें राहत मिल सके। नगर अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने कहा इस घटना ने सभी को झकझोर के रख दिया है। जो लोग इस घटना में दोषी हैं, उसकी जांच करवा कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जिससे पीड़ित लोगों को न्याय मिल सके। प्रतिनिधि मंडल में पीसीसी सदस्य क्षेत्रपाल सिंह यादव,जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांत यादव,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष यश दुबे,जिला सचिव जगदीश वाल्मीकि,यामीन अब्बासी,युवा नेता जुल्फिकार अली उर्फ शानू,सेवादल के नगर अध्यक्ष तेजपाल सिंह शंखवार और आसिफ आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीपीएस ने बच्चू बाबा सरस्वती स्कूल व सर बिलाल कांवेंट ने क्रिकेट कैंप को हराया

फिरोजाबाद। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष में दूसरे दिन भी चौके छक्के लगे।

दाऊ दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम गुरुवार को जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन

पहला मैच देहली पब्लिक स्कूल व बच्चू बाबा सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल फिरोजाबाद के मध्य खेला गया। जिसमें बच्चू बाबा सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 54 रन बनाए।दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 ओवरों में दो विकेट खोकर 56 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

दूसरा मैच क्रिकेट कैंप फिरोजाबाद व सर बिलाल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम कैंप की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 रन बनाये। बाद में सर बिलाल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने 7 ओवर में 46 रन बनाकर जीत लिया।

मैच के दौरान प्रदीप भारद्वाज, शिनशांत खरे, राहुल शर्मा सानू सिद्दीकी , सुरेंद शिवा,प्रियंका रानी आदि उपस्थित रहे।

क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कल का सेमीफाइनल मैच देहली पब्लिक स्कूल फिरोजाबाद एवं वंडर वर्ल्ड स्कूल फिरोजाबाद के मध्य खेला जाएगा ।एवं दूसरा मैच सर बिलाल कॉन्वेंट और जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय वजीरपुर जेहलपुर के मध्य खेला जाएगा।

# फार्मासिस्टों ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

फि रोजाबाद विश्व फार्मासिस्ट दिवस डी पी ए द्वारा स्थानीय सूर्या होटल स्टेशन रोड मे एक विचार गोष्ठी आयोजन किया गया जिसमे फार्मासिस्ट के कार्यों एवम दायित्यो के बारे मे विचार विमर्श किया गया मंत्री जगदीश कुमार ने कहां डॉक्टर के बाद फार्मासिस्ट की महती भूमिका होती है जो मरीज को ठीक करने के लिए आवश्यक है हमें अपनी जिम्मेदारियो को नहीं भूलना चाहिए

कार्यक्रम मे विभिन्न सगठनों से जिला अध्यक्ष एवम पदाधिकारी उपस्थिति थे मुख्य वक्ता सेवानिवृत चीफ फार्मासिस्ट जयवीर सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता की जनपद के समस्त फार्मासिस्ट ने इसमें प्रतिभाग किया वेद प्रकाश राठौर अध्यक्ष जगदीश कुमार जिला मंत्री अखिलेश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद मोहन शर्मा संगठन मंत्री मीरा बघेल यतेंद्र कुमार मनोज जैन उपेंद्र बघेल सुभाष यादव भानु प्रकाश बघेल दीप कुमार उमेश तिवारी जे एस यादव राजेश गुप्ता नागेंद्र बघेल एल डी शर्मा आदि लोगों ने अपने विचार प्रकट किये

# सरकारी ट्रामा सेंटर से बाइक उड़ा ले गया चोर

## पुलिस और गार्ड का नहीं रहा खोफ

फिरोजाबाद सरकारी ट्रामा सेंटर में मैं कार्यरत कर्मचारी की गुरुवार की दोपहर एक बाइक चोर बाइक लेकर फरार हो गया पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है

सरकारी ट्रामा सेंटर में कार्यरत थाना उत्तर के काशीराम बिहार निवासी कमलकांत सीटी स्कैन विभाग में कार्यरत है वह रोजाना की तरह बाइक द्वारा अपने घर से आया और उसने ट्रामा सेंटर परिसर में अपनी बाइक यूपी 83 बीबी 6118 खड़ी कर वह अपने विभाग में काम पर चला गया

दोपहर को जब है बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी जिससे वह हैरान रह गया उसने इसकी शिकायत थाने में दी है सरकारी ट्रामा सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा एक व्यक्ति बाइक गार्ड के सामने ले जाते हुए नजर आ रहा है वही गार्ड अपने मोबाइल में व्यस्त हैं परंतु सवाल यह है ट्रामा सेंटर परिसर में पुलिस चौकी भी है गार्ड की तैनाती भी है

परंतु इन चोरों पर अंकुश लगाने में नाकामयाब है अब सवाल यह है की ट्रॉमा सेंटर परिसर में सिर्फ ट्रामा सेंटर में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की बाइक खड़ी होती हैं

फिर बाहरी व्यक्ति अंदर से कैसे बाइक लेकर चला गया और किसी ने टोका भी नहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी कई बाइक चोरी हो चुकी है पुलिस द्वारा बाइक बरामद करना तो दूर रहा चोरों का आज तक पता नहीं लगा सकी जिसके फल स्वरुप इन चोरों का हौसला बुलंद है

# दो चोर गिरफ्तार दो अवैध तमंचे चोरी के रुपये और बाइक बरामद

फिरोजाबाद , थाना दक्षिण पुलिस ने गुरुबार को दो चोरो को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से दो तमंचे चोरी के रुपये और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दक्षिण पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में गुरुबार को वाहनों की चेकिंग रेलवे स्टेशन मालगोदाम के दौरान पुलिस टीम ने बाइक पर सवार दो लोगो को टोका तो उन्होंने भागने का प्रयास किया।

पुलिस ने दोनों को बाइक समेत पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके से 2 तमंचे चोरी किये गये , दो हजार पांच सौ रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस ने चोरो के नाम अनिल उर्फ अल्ला पुत्र सुरेश निवासी राजा का ताल जैन मंदिर के पास थाना टूण्डला और आकाश पुत्र अशोक निवासी राजा का ताल जैन मंदिर के समीप थाना टूण्डला बताये है।

# जीजा ने साली को किया गर्भवती, अब कर रहा ब्लैकमेल

## न्याय दिलाने के लिए पत्नी को साथ लेकर थाने पहुंचा पति

### पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर शुरू की जांच, कार्यवाही का दिया आश्वासन

शिकोहाबाद। जीजा ने अपनी मौसेरी साली को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर उसे अपनी कार में बैठा कर कहीं ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता को होश आया तो वह सुभाष तिराहे पर खड़ी थी। लोक लाज के भय से उसने यह बात किसी को नहीं बताई। लेकिन वह इस बीच गर्भवती हो गई। पांच माह के गर्भ होने पर महिला ने अपने ससुरालीजनों से यह बात बताई। जिसके बाद महिला के ससुरालीजन उसके जीजा के घर सिरसागंज क्षेत्र में गये, तो उन्होंने महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित पति पत्नी को लेकर थाना पहुंचा और आरोपी जीजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पत्नी को न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

मामला थाना क्षेत्र का है। यहां निवासी एक छात्रा एक कॉलेज में बीएससी की पढ़ाई कर रही थी। उसका जीजा उससे मिलने के बहाने शिकोहाबाद आता-जाता रहता था। छात्रा के स्वजनों ने फरवरी माह में उसकी शादी आगरा के एक मोहल्ला में रहने वाले युवक से कर दी। शादी के बाद विवाहिता अपने घर पर आ गई थी। क्योंकि उसकी परीक्षाएं चल रही थीं। आरोप है कि 26 अप्रैल को उसका जीजा शिकोहाबाद सुभाष तिराहे पर आया और उसको कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया। जिसके बाद वह अचेत हो गई। इसके बाद वह कहां ले गया और उसके साथ क्या किया। उसे कोई होश नहीं है।

जब होश आया तो वह सुभाष तिराहे पर थी। अपने साथ गलत काम की जानकारी उसको तब हुई, जब उसे मासिक धर्म नहीं हुआ। दो माह बाद चेकअप कराया तो वह गर्भवती थी। जब इसकी जानकारी उसके ससुरालीजनों को हुई तो उन्होंने बुधवार को सिरसागंज में शिकायत लेकर पहुंचे तो आरोपित के स्वजनों ने महिला के साथ मारपीट कर दी। गुरुवार को युवक अपनी पत्नी को लेकर थाना में आया और प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

शादी के बाद पति को नहीं मिलने दिया

शादी के बाद से ही युवती ने पति को अपने पास नहीं फटकने दिया। युवक आज नहीं तो कल मिलेंगे इस आशा को लेकर इंतजार करता रहा। जब उसे पत्नी के गर्भवती होने की बात मालूम हुई तो उसने उससे पूछा कि बच्चा किसका है।

जब महिला पर इस बात का खुलासा करने के लिए स्वजनों ने दवाब डाला तो उसने सच्चाई बताई। अब महिला पांच माह का गर्भ लेकर जीजा के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रही है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि एक प्रार्थना पत्र मिला है। मामला पांच माह पुराना है। जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही कार्यवाही की जायेगी।

# भगवान राम की बाल लीलाओं की कथा सुन कर श्रोता हुए भावविभोर

## बचपन से ही बच्चों में माता-पिता दे अच्छे संस्कार -वेदांती

शिकोहाबाद। श्री मानस सेवा समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा में कथा व्यास ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव एवं बाल लीलाओं की कथा सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता-पिताओं को अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देना चाहिए। जो माता पिता अपने बच्चों को वाल्य अवस्था में अच्छे संस्कार देते हैं, वही बड़े होने पर प्रतिफलित होते हैं।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री राम एक साधारण बच्चे नहीं अपितु साक्षात भगवान के अवतार हैं। इस बात का विवेक कौशल्या में जगाने के लिए ही उन्होंने एक अद्भुत लीला की। वह एक ओर तो मां कौशल्या के पालने में सो रहे हैं, तो दूसरी ओर माता कौशल्या के द्वारा रखे हुए भगवान के भोग को भी ग्रहण करते हुए दिखलाई पड़ते हैं। यह देख कर मां कौशल्या बड़े आश्चर्य में डूब गई और वह बार.बार पालने में सोते हुए अपने लाडले राम तथा मंदिर में भोग लगाते उन्हें रामलला के स्वरूप को देखकर बड़े आश्चर्य में डूब गई। उसी समय प्रभु श्री राम ने उन्हें विराट रूप दिखाकर यह ज्ञान कराया कि वह जिन भगवान की पूजा राम को पालने में सुलाकर कर रही है, वे ही भगवान उनके पुत्र के रूप में अवतरित हुए हैं ।

स्वामी वेदांती ने बताया कि प्रत्येक बालक ईश्वर का ही रूप होता है। इसलिए हर एक मां.बाप को अपने बच्चों के प्रत्येक क्रियाकलाप में अपना ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। क्योंकि इन्हीं माता.पिताओं की गोद में खिल खिलाते हुए बालक ही बड़े महापुरुषों के रूप में परिणित हो जाते हैं। तब माता.पिता अत्यंत हर्ष तथा गरिमा का अनुभव करते हैं। प्रत्येक माता.पिता को चाहिए कि वह अपने बच्चों को ईश्वर की पूजा व सत्संग में लाएं। इससे उन बच्चों के जीवन में सात्विक वृत्ति का उदय होगा और वे भी श्रेष्ठ महापुरुष तथा लोकोपकारी बन सकेंगे ।

गुरुवार को हुई कथा के यजमान पूर्व विधायक हरिओम यादव एवं उनकी धर्मपत्नी राम सखी यादव ने रामायण की पूजा के साथ कथा व्यास की पूजा अर्चना की ।

# युवा बालिकाओं को साइबर हिंसा के बारे में किया जागरुक

शिकोहाबाद। जेएस विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय के नवनिर्मित ऑडिटोरियम में नारी सशक्तीकरण पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। अवसर और अधिकार प्रदान करने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं। यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओ को शिक्षा एवं रोजगार और निर्णय लेने वाली भूमिकाओं तक समान पहुंच धन्यबाद

ज्ञापित किया। इस अवसर पर इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ.सुकेश यादव, प्रतिकुलाधिपति डॉ.पीएस यादव, मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर हिंसा के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकती हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश भदौरिया, विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी प्रवीन कुमार तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव द्वारा स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता देकर किया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश भदौरिया ने छात्र-छात्राओं को अपने सम्बोधन में कहा कि नारी सशक्तीकरण महिलाओं को समाज में उनकी स्वायत्तता मिले तथा महिलाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित हेल्पलाइन नम्बरों की भी जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सशक्त महिलाओं को स्वयं निर्णय लेने की शक्ति होती है। लम्बे समय महिलाओं को उत्पीडन और भेदभाव का सामना करना पडता है। नारी सशक्तीकरण का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढाना है। कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के कई तरीके हैं और इसके लिये व्यक्तियों और सरकार दोनों के प्रयासों की आवश्यक्ता है। सबसे महत्वपूर्ण लडकियों की शिक्षा यह सुनिश्चित करने के लिये अनिवार्य होनी चाहिए कि उन्हें अपना जीवन बनाने

का ज्ञान प्राप्त हो। संचालन महानिदेशक डॉ. गौरव यादव ने कुमार, डॉ.शिखर यादव एवं डॉ.शिवम यादव ने मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण को सम्मानित किया।

एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया जेएस विश्वविद्यालय के ऑडीटोरियम में मिशन शक्ति के अंतगर्त कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए।

5प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399. 9411927251, 9259041013, 9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com